


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 95 | ग्वालियर शनिवार, 14 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### कॉलेजियम पर बहस के बीच हाईकोर्टों में 5 सालों में नियुक्त 537 जजों में कितने हैं अपर कास्ट से?



कॉलेजियम पर बहस के बीच हाईकोर्टों में 5 सालों में नियुक्त 537 जजों में कितने हैं अपर कास्ट से?जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पर कोर्ट और सरकार कई बार आमने-सामने आ चुकी है कॉलेजियम विवाद के बीच कानून मंत्रालय ने देशभर के हाईकोर्टों में पिछले 5 सालों में नियुक्त जजों की संख्या के बारे में ससंदीय समिति को बताई है. कानून मंत्रालय के मुताबिक 2018 से 19 दिसंबर 2022 तक कुल 537 जजों को विभिन्न हाईकोर्टों में नियुक्त किया गया. इनमें 79त्न जज अपर कास्ट से, 11त्न ओबीसी से, 2.8त्न एससी से 2.6त्न अल्पसंख्यक वर्ग से और 1.3त्न एसटी से नियुक्त किए गए. कानून मंत्रालय ने संसदीय समिति को बताया कि 20 जजों की जातियों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है. 5 सालों में हुए 537 में से 271 नियुक्तियां बार कोटे से हुई है, जबकि 266 नियुक्तियां सर्विस कोटे से की गई है. जजों की नियुक्ति और जाति को लेकर एक बार फिर से कॉलेजियम को लेकर सवाल उठने लगे हैं. भारत की संविधान में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति के अधिकार के बारे में संविधान की धारा 217 (1) में जिक्र किया गया है. इसके मुताबिक चीफ जस्टिस और 2 सीनियर जजों की सिफारिश और संबंधित राज्य के राज्यपाल से परामर्श के आधार पर राष्ट्रपति जजों को नियुक्त करते हैं

### राजस्थान में चुनाव से पहले ष्टरूगहलोत का बड़ा दांव, सोशल सिक्योरिटी पर कानून बनाने की मांग- बताया क्या होंगे प्रावधान



अशोक गहलोत्र राजस्थान में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. कलह के साथ-साथ कांग्रेस भी इस कोशिश में जुट गई है कि राज्य की सत्ता हाथ से न चली जाए. इसे लेकर अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ा दांव चल दिया है. चुनाव से कुछ ही महीने पहले गहलोत ने सोशल सिक्योरिटी का मुद्दा उठाया है और कहा है कि इसे लेकर संसद में कानून बनाया जाना चाहिए. गहलोत के इस बयान को आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है. लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला की मौजूदगी में सीएम गहलोत ने ये बयान दिया. एक कार्यक्रम में अशोक गहलोत ने सोशल सिक्योरिटी का जिक्र करते हुए कहा, ÷हमने चिरंजीवी योजना लागू की है राजस्थान में हेल्थ के लिए, पूरे देश के अंदर ऐसी योजना कहीं नहीं है, एक प्रकार से यूनिवर्सल हैल्थ, 10 लाख रुपए का हमने बीमा कर रखा है. ये मैं समझता हूं वक्त आ गया है कि आरटीई की तरह, फूड सिक्योरिटी एक्ट की तरह, नरेगा की तरह ऐसे कानून बने देश के अंदर, राइट टू सोशल सिक्योरिटी, हर व्यक्ति को सोशल सिक्योरिटी कंपल्सरी हो. दुनिया के मुल्कों में जो विकसित राष्ट हैं वो परिवारों को वीकली पैसा देते हैं. कोई परिवार जो जरूरतमंद हैं उसके भरण-पोषण की सरकार जिम्मेदारी ले लेती हैगहलोत ने अपने संबोधन में आगे कहा कि मेरा मानना है कि संसद के अंदर सोशल सिक्योरिटी का एक्ट बने. अभी हम राजस्थान के अंदर 1 करोड़ लोगों को पेंशन दे रहे हैं. जिसमें बुजुर्गों को, विधवाओं को, एकल नारी को, निःशक्तजनों को पेंशन दी जाती है. ओपीएस, जिसे लेकर बहस चल रही है, मैं फिर कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने सोच-समझकर, गुणा-भाग करके मानवीय दृष्टिकोण से ओपीएस लागू की है, 35 साल तक सर्विस करता है कोई व्यक्ति, उसको कॉन्फिडेंस रहना चाहिए कि सरकार जो पहले ध्यान रखती थी बुढ़ापे में वो ही ध्यान ओपीएस के माध्यम से रखेगी. अशोक गहलोत बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच सोशल सिक्योरिटी का मुद्दा छेड़कर एक नई बहस शुरू कर दी है, गहलोत का ये दांव बीजेपी और केंद्र सरकार को घेरने के लिए है. क्योंकि सोशल सिक्योरिटी का मुद्दा देशभर के लोगों से जुड़ा है, ऐसे में गहलोत और कांग्रेस पार्टी इसे आने वाले चुनावों में उठा सकती है

### क्या मुस्लिम लड़की तरुणाई के बाद पसंद के व्यक्ति से शादी कर सकती है? सुप्रीम कोर्ट ने पूछा



सुप्रीम कोर्ट पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (हृष्टक्क्रष्टक्र) की याचिका पर शुक्रवार को विचार करने पर सहमत हो गया, जिसमें कहा गया था कि एक मुस्लिम लड़की तरुणाई (प्यूबर्टी) के बाद अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी कर सकती है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के उस फैसले को किसी अन्य मामले में मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाना चाहिए, जिसमें कहा गया है कि 15 वर्ष की आयु की एक मुस्लिम लड़की पर्सनल लॉ के तहत कानूनी और वैध तरीके से विवाह के बंधन में बंध सकती है.चूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की बेंच ने हरियाणा सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया और कोर्ट की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता राजशेखर राव को न्यायमित्र (एमिकस क्यूरी) नियुक्त किया. बेंच ने कहा, %हम इन रिट याचिकाओं पर विचार करने के पक्ष में हैं. नोटिस जारी करें. आदेश लंबित होने तक (हाईकोर्ट के) इस फैसले को मिसाल के तौर पर नहीं लिया जाएगा.%सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 14, 15, 16 साल की मुस्लिम लड़कियों की शादी हो रही है. उन्होंने पूछा, %क्या पर्सनल लॉ का बचाव हो सकता है?

# चुनाव से पहले खजाना खोलेगी सरकार या फिर मिलेगी देश को कड़वी दवा?

इन्ही बातों का ध्यान रखते हुए पीएम मोदी ने खुद ट्वीट कर नवंबर महीने में जनता से बजट के लिए सुझाव मांगे थे और 13 जनवरी को अर्थशास्त्रियों के साथ मीटिंग भी बजट की तैयारी का ही एक भाग है. बजट को लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ काम कर रहे जाने-माने अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा है कि वो उम्मीद नहीं कर रहे हैं न ही सरकार को सुझाव दे रहे हैं बल्कि सरकार इस बजट में जो काम करने वाली है उसमें सबसे पहला काम राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए कदम उठना होगा. उन्होने कहा कि सरकार ऐसे कदम उठाएगी जिससे देश के वित्तीय घाटे को 6.4 फीसदी से घटाकर 5.5 फीसदी लाया जा सके. उन्होंने %वित्तीय जिम्मेदारी और बजट मैनेजमेंट% यानी स्नत्रक्रू का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य राजकोषीय प्रबंधन और दीर्घकालिक वृहद-आर्थिक स्थिरता में सुनिश्चित करनी की है और इसके लिए देश के वित्तीय घाटे को 4.5 फीसदी करने की जरूरत है.

**लोकलुभावन बजट या पिलाई जाएगी कड़वी दवा**-चुनाव को देखकर या फिर अर्थव्यवस्था के सामने आ रही है चुनौतियों को देखकर बजट बनाया जाएगा इस सवाल पर अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकार देश के खजाने पर बोझ को कम करने के साथ ही खजाने से खर्च को भी तैयार रहेगी. लेकिन चुनाव को ध्यान में रखते हुए सरकार फूड सब्सिडी और फर्टिलाइजर सब्सिडी के लिए फंड देगी. सबनवीस ने कहा कि बजट कैसा होगा ये तो 1 फरवरी को ही पता चलेगा क्योंकि साल के पहले सप्ताह में मीडिया में खबर आई थी कि सरकार चालू वित्त वर्ष की तुलना में अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष में फूड और फर्टिलाइजर सब्सिडी में भारी कटौती करने वाली है.उन्होंने कहा कि नए वित्त वर्ष में सरकार इस मद पर 26 फीसदी तक की कटौती कर सकती है. फिलहाल सरकार फूड और फर्टिलाइजर सब्सिडी लगभग 3.7 लाख करोड़ रुपये खर्च कर रही है.सबनवीस ने बताया कि सरकार की मुफ्त अनाज योजना




की वजह से फूड सब्सिडी का खर्च काफी बढ़ गया है. इसके अलावा किसानों को फर्टिलाइजर पर भी बड़ी मात्रा में सब्सिडी दी जा रही है, जबकि वैश्विक बाजार में फर्टिलाइजर्स की कीमतों में काफी इजाफा हुआ है. मदन सबनवीस ने कहा कि चुनाव से पहले सरकार अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर किसी भी तरह की कड़वी दवाई से परहेज करना चाहेगी. लेकिन ये भी सच है कि सरकार अगर इस मद पर पहले पेश किये बजट की तर्ज पर खर्च करती है तो वोट बैंक मजबूत होगा लेकिन सरकारी खजाने पर काफी गहरा असर पड़ेगा.

**कॉर्पोरेट जगत कितना करे उम्मीद**-बजट 2023 से कारपोरेट सेक्टर कितना उम्मीद करे इस बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि सरकार इस बजट में पीएलआई का 14 सेक्टर्स तक विस्तार सकती है. वर्तमान में सरकार ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, व्हाइट गुड्स, फार्मा, टेक्सटाइल्स, फूड प्रोडक्ट्स, हाई एफिशिएंसी सोलर पीवी मॉड्यूल्स, एडवांस केमिस्ट्री सेल और स्पेशियलिटी स्टील सहित 14 क्षेत्रों के लिए लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली ये स्कीम चल रही है.सबनवीस ने कहा कि सरकार आने वाले बजट में मैनुफैक्चरिंग सेक्टर को ज्यादा प्रतियोगी बनाने और चीन के स्लो ग्रोथ का फायदा उठाने के लिए एमएसएमई सेक्टर के लिए इस स्कीम का विस्तार करेगी. उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि सरकार अगर ऐसा करती है

## शरद यादवः आंदोलन से निकले, मंडल विरोधियों के निशाने पर रहे, नायक के तौर पर बनाई पहचान

समाजवादी आंदोलन के साथ संयोग से जो नतीजे निकले हैं, उसमें शरद यादव एक श्रेष्ठ नेता के तौर पर राष्ट के सामने आए. वे जॉर्ज फर्निडस के मार्ग दर्शन में अपनी एक खास जगह बनाई. उसके बाद मंडल आयोग के शिखर नायकों के तौर पर उनकी देश में एक पहचान बनी.समाजवादी आंदोलन जिस दिशा में बढ़ रहा था, उसमें शरद यादव ने योगदान दिया. ये अलग बात है कि उनके नेतृत्व के काल में ही समाजवाद का बिखराव हुआ. जनता दल का बिखराव हुआ. लेकिन, उसके लिए उनको जिम्मेदार ठहराना अकेले गलत होगा. शरद यादव ने भारतीय लोकतंत्र में जो योगदान दिया वो अविस्मरणीय है. जबलपुर के एक छात्र नेता से लेकर चार दशकों तक एक महत्वपूर्ण नायकों के तौर पर राजनीति में जो जगह बनाई वो लोकतंत्र की जीवंतता की भी एक मिसाल है.उनका जाना बहुत नुकसानदेह रहा है और उस खाली जगह को भरना बहुत कठिन होगा. शरद यादव की अपनी स्वीकृति थी. 1990 के बाद की राजनीति में अपने को एक महत्वपूर्ण नायकों के



रूप में स्थापित किया. बिहार और उत्तर प्रदेश में उनकी काफी लोकप्रियता बढ़ी. ये भी नई राजनीति की एक खूबी थी की एमपी के एक छात्र नेता को बिहार और यूपी ने अपना नेता बनाया और वे देश की शीर्ष नेता के तौर पर चुने गए.शरद यादव ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत साहस और जोखिम से की थी. 1974 में वे जेल में थे और उनको जनता उम्मीदवार के तौर पर जयप्रकाश ने घोषित किया. समाजवादी जनसभा के प्रतिनिधि के रूप में वे बाद में जनता परिवार के युवा नायकों में सबसे आगे बढ़े. उनको अपनी बातों को टिके रहने के लिए जाना जाता था. वे लोकप्रियता की बहुत परवाह नहीं करते थे. जो उन्होंने सही समझा उसे दो टूक शैली में कहा. यही वजह थी कि मंडलविरोधियों ने अपने निशाने पर लिया. इससे उनकी छवि बेहतर बनी. जो संसदवादी राजनीति के समझौते की विवशता होती है, उसकी उन्होंने कभी उपेक्षा नहीं की. इसलिए वे मुख्यधारा की राजनीति में बने रहने में सफल रहे, जो उनकी पीढ़ी के अनेकों नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए संभव नहीं रहलोहिया की विचारधारा का एक राजनीतिक पक्ष जनतंत्र का विकेन्द्रीकरण था.

### रूस ने यूक्रेन के सोलेदार शहर पर पूरी तरह से कब्जा किया, जानें क्यों अहम है?

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है दोनों देश अपनी पूरी ताकत के साथ जंग लड़ रहे हैं. इसी बीच रूस ने यूक्रेन पर अपने आक्रमण को धार देने के लिए नया कमांडर नियुक्त किया है. इसके साथ ही अब रूस दावा कर रहा है कि उसने पूर्वी यूक्रेन में नमक खनन वाले शहर सोलेदार पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है.गौरतलब है कि इससे यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसकी सेना सोलेदार में डटी हुई है. सोलेदार से ही यूक्रेन आगे की योजना बना रहा है. इस बीच रूस ने सोलेदार पर कब्जा करने का दावा किया है और इसे अपनी ब?ी उपलब्धि बता रहा है. रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में सोलेदार को अपने नियंत्रण में कर लिया है. हाल ही में रूस ने दावा किया था कि उसने सोलेदार शहर के एक हिस्से पर कब्जा किया है. जिस पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि रूसी कब्जे की बात पूरी तरह से ढोंग है, लड़ाई जारी है. अब देखना यह होगा कि रूस के इस दावे के बाद यूक्रेन की ओर से क्या टिप्पणी आती है.

## मेरे व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन का एक ही लक्ष्य है, वो., राहुल गांधी ने खुला पत्र में क्या कुछ लिखा है?



कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के तहत करीब 3500 किलोमीटर का सफर तय कर चुके हैं. इस समय उनकी यात्रा पंजाब में है. इस बीच उन्होंने ओपन लेटर (खुला पत्र) लिखकर यात्रा के अनुभवों को साझा किया है. साथ ही बताया है कि उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीव का लक्ष्य क्या है.राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा ने उन्हें सिखाया है कि मेरे व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन का लक्ष्य एक ही है- हक की लड़ाई में कमजोरों का ढाल बनना और जिनकी आवाज दबाई जा रही है, उनकी आवाज उठाना.उन्होंने पत्र में कहा, मेरा सपना हमारे देश को अंधेरे से उजाले की ओर, नफरत से मोहब्बत की ओर और निराशा से आशा की ओर ले जाना. इस लक्ष्य को पाने के लिए मैं भारत को एक महान संविधान देने वाले हमारे महापुरुषों को बताए हुए सिद्धांतों और मूल्यों को अपना आदर्श बनाकर आगे बढ़ूंगा.

## अंजलि केस में बदलती तस्वीरों से सस्पेंस, पुलिस की जांच पर उठ रहे सवाल



दिल्ली के कंझावला कांड में सेक्शन 302 को लेकर मीडिया से जानकारी मिल रही है. कहा जा रहा है कि पुलिस को कहीं से सीसीटीवी फुटेज मिला है, जो आरोपियों के गाड़ी से उतरकर बॉडी को देखने से जुड़ा है. बॉडी देखने के बावजूद भी इन लोगों ने गाड़ी चलाई है. आईपीसी के सेक्शन 302 में एक क्लॉज है कि अगर आरोपी को जानकारी है कि उसके किसी हरकत से कोई व्यक्ति मर सकता है और जो इंजुरी हैं वो मौत के लिए पर्याप्त हैं, तो ऐसे मामलों में भी 302 लगता है. अभी केस इंवेशटिगेशन के स्टेज पर है. अभी बहुत सी चीजें ऐसी निकलकर आएंगी, जिससे और चीजें क्लियर होंगी. अगर ये साबित होता है कि इन लोगों ने कुछ देखा और उसके बावजूद भी गाड़ी चलाते रहे, तो उसका एंगल दूसरा होगा

### कंझावला केस में 11 पुलिसकर्मी सस्पेंड, ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप

दिल्ली के कंझावला केस में 11 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है. इन पुलिसकर्मियों पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप है. जिस रूट पर यह घटना हुई था, वहां तैनात पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है. इन पुलिसकर्मियों में 2 सब इंस्पेक्टर, 4 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, 4 हेड कॉन्स्टेबल, 1 कॉन्स्टेबल शामिल हैं, जिन पर कार्रवाई की गई है. सस्पेंड पुलिसकर्मियों में से 6 पीसीआर की ड्यूटी में तैनात थे और 5 पुलिसकर्मी पिकेट पर तैनात थे.इससे पहले गृह मंत्रालय ने कंझावला मामले में बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस को तीन पीसीआर वैन और दो पिकेट में ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों को निलंबित करने का निर्देश दिया था.

## रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी के विरोध में उतरे अयोध्या के संत, शिक्षामंत्री से इस्तीफे की मांग की

रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी के विरोध में उतरे अयोध्या के संत, शिक्षामंत्री से इस्तीफे की मांग कीके द्वारा रामचरितमानस पर की गई विवादित टिप्पणी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. रामनगरी अयोध्या में संतों ने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का पुतला फूंका और उनके खिलाफ नारे लगाए. इसके पहले संतों ने अयोध्या कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए उनके खिलाफ तहरीर भी दी. संतों का कहना है कि नीतीश सरकार को उनसे तत्काल इस्तीफा ले लेना चाहिए और उन्हें गिरफ्तार करना



चाहिए. यही नहीं उन्हें कुछ दिन के लिए प्रदेश से बाहर भी निकाल देना चाहिए.महंत परशुराम ने कहा कि हमने कल बिहार के शिक्षा मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है, आज पुतला दहन किया है, हम लोग इसके लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं. हमारे सनातन धर्म से जो भी खिलवाड़ करेगा जो भी उस पर अभद्र टिप्पणी करेगा, उसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे. श्री राम जी हमारे आराध्य हैं. हम लोग उन्हीं के लिए जीते हैं और उन्हीं के लिए मरेंगे. ऐसे शिक्षा मंत्री को प्रदेश में रहने का कोई अधिकार नहीं है. ऐसे शिक्षा मंत्री का

## आप सरकार में बढ़ा विवाद, सीएम केजरीवाल बोले दिल्ली के काम में उपराज्यपाल का दखल बढ़ता जा रहा है

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच शुक्रवार को बैठक हुई. इसके बाद सीएम अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. सीएम केजरीवाल ने एलजी के साथ बैठक में हुई बातों को प्रेस कॉन्फ्रेंस में शेयर किया. उन्होंने कहा, ÷दिल्ली के काम में एलजी का हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है. दिल्ली के काम नहीं हो पा रहे हैं. हम चाहते हैं कि आपसी भेद को हटाकर हम साथ मिलकर काम कर सके.सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा, ÷इसी मंशा के साथ मैं आज एलजी से मिला. बहुत सारी कानूनी आर्डर और संविधान की किताब उनके पास लेकर गया. मैं आज कोर्ट का जजमेंट आपके सामने



रख रहा हूं, जो मैंने एलजी के सामने भी रखा है. एलजी के पास कोई अधिकार नहीं है कि वो स्वतंत्र निर्णय ले सके.उन्होंने कहा, ÷सुप्रीम कोर्ट खुद ये कह रहा है. मैंने उनसे कहा कि इसका सीधा मतलब है, जो 10 मनोनीत पार्षद एलजी ने चुने वो गलत थे. टीचर्स को ट्रेनिंग लेने के लिए विदेश जाने से रोकना गलत है. जेस्मिन शाह के दफ्तर को सील करना भी गलत है और हमारी पार्टी पर 164 करोड़ रुपये का रिकवरी का नोटिस भेजना भी गलत है. इस पर एलजी ने कहा कि मैं प्रशासक हूं और मैं कुछ भी कर सकता हूं. उन्होंने कहा कि जो आप दिखा रहे हैं वो सुप्रीम कोर्ट का सिर्फ सुझाव हो सकता है. एलजी ने कहा कि मुझ पर ये नियम नहीं लागू होते.दिल्ली के सीएम ने कहा, ÷मैंने संविधान के बारे में उनको बताया. मैंने हाईकोर्ट का जजमेंट भी बताया एलजी को, लेकिन वो बार-बार ये कहते रहे कि मैं एडमिनिस्ट्रटर हूं और मैं ये सब कर सकता हूं.÷ इससे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और एलजी विनय सक्सेना के बीच लगभग एक घंटे तक बैठक हुई. दिल्ली के सीएम और उपराज्यपाल के बीच यह बैठक एलजी सचिवालय में हुई. इस बैठक में अरविंद केजरीवाल अपने साथ संविधान, जीएनसीटीडी अधिनियम, टीबीआर, शिक्षा अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम, संविधान पीठ की आर्डर कॉपी साथ लेकर पहुंचे थे.

# ब्लॉक कांग्रेस ने बिजली घर का घेराव कर, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत विभाग के द्वारा अघोषित कटौती एवं डीपी ख़राब होने पर कई दिनों तक डीपी न बदलने के कारण, विद्युत विभाग के खिलाफ व्याप्त है रोष।**

**गोहद।** विद्युत विभाग के द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के कई इलाकों में कई दिनों तक ट्रांसफार्मर खराब होने पर विद्युत सप्लाई बंद रहती है, शाम के समय रोजाना कई घंटों की विद्युत कटौती कर नगर में विद्युत सप्लाई बंद रखी जा रही है, लोगों को संकलित खपत के बिल थमाए जा रहे हैं। आकलित खपत के बिलों का सुधार स्थानीय स्तर पर नहीं किया जा रहा है। इसी प्रकार की अन्य विद्युत समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर के नेतृत्व में विद्युत विभाग के उप महाप्रबंधक के कार्यालय का घेराव कर एसडीएम शुभम शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस पार्टी के ज्ञापन सौंपते समय युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजकुमार



देशलेहरा, जिला पंचायत सदस्य केशव देसाई, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह गुर्जर, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, पूर्व जनपद सदस्य केदार सिंह कौशल, शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, नगरपालिका उपाध्यक्ष सुनील उर्फ सिक्की कांकर, डॉ रणवीर यादव, तिलक सिंह राजोरिया, राजीव कौशिक, पार्षद जरीना साबू खान, पार्षद रजिया अकरम चौधरी, मुनेश शर्मा, प्रमोद शुक्ला, अवध किशोर उर्फ बंटी गुर्जर, पिंकी उच्चडिया, नसीर खान उर्फ बल्लू टेंट वाले, बालकिशन माहोर, बॉबी जर्मन, तहसील शाह, रमजान खान, कैलाश माहोर, विजय निगम, शिवचरण जयंत, महेश कौशल, राजू गुर्जर, लाल बहादुर जादौन, गौरव कोहली, कमलेश गुर्जर, सुधीर जादौन, रामजी गुर्जर, सुजान गुर्जर, शाकिर अली खान, लाल उद्दीन काजी, रवि कुशवाह, रागिनी चौहान, पांचाली, गणेश राम शर्मा, गुट्टी शर्मा, बबलू बरैया, राहुल उपाध्याय, इलियास खान, नरेश सिंह तोमर, पार्षद बृजेंद्र यादव आदि 5 दिवस का अल्टीमेटम- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा सोंपे गए ज्ञापन में विद्युत विभाग के द्वारा 05 दिवस में समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आगामी समय में विदयुत विभाग की तालाबंदी कर अनिश्चित कालीन धरना दिया जावेगा।

# मालनपुर थाना पुलिस ने अवैध तरीके से बेची जा रही शराब बेचने वाले रंगे हाथों धर दबोचा



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता मालनपुर**

**भिंड** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान अति पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुशे के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जुए सट्टे शराब रोको अभियान मालनपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव ने प्लांट फैक्ट्री पर अवैध तरीके से बेची जा रही शराब के साथ आरोपी धर दबोचा थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि होटल व्यक्ति के सामने धर्म वीर पुत्र बालकिशन जाटव निवासी निवासी लहचूरा पुरा शराब बेचते हुए पकड़ा गया जिस पर 20 क्वार्टर बरामद किए गए आबकारी एक्ट के तहत के मामला दर्ज कर लिया गया है

# दबोह में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन:कथा के पांचवे दिन गोवर्धन पूजा, श्री कृष्ण की नटखट लीला का किया गया वर्णन

-लहार क्षेत्र के दबोह के बार्ड 15 के श्री गो? बाबा मंदिर पर सुप्रसिद्ध भागवताचार्य चैतन्य हरि जी



महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का संगीतमय वाचन किया जा रहा है। कथा के छटवे दिवस भगवान की वाल लीलाओं का वर्णन किया गया। पूतना उद्धार सक्तासुर वध नामकरण माखन चोरी यमलार्जुन उद्धार वृंदावन वास गोपी चीर हरण अंत में गिरराज गोवर्धन की उत्पत्ति की कथा ब भगवान ने पूजन क्यों कराया साथ ही माखन की चोरी भगवान क्यों करते थे?? चैतन्य हरि जी महाराज ने बताया कि भगवान माखन की चोरी इसलिए करते थे। कि एक बार सभी देवताओं ने मिलकर भगवान से कहा कि मुझे आपके घर का मक्खन खाना है तो भगवान ने कहा अगर मैं मां से मांग लूंगा तो मां देगी नहीं इसलिए मैं मटकी फोड़ दिया करूंगा आप आकर खा जाया करो अगर चोरी नही करते तो कुबेर के पुत्र जो वृक्ष वने थे उनका उद्धार कैसे होता और चीर हरण एक अज्ञान रूपी माया का आवरण हटाना ही चीर हरण है।।साथ ही गोपियों की लीला का वर्णन देवी जी के मुखारविंद से किया गया। जिसमे बताया कि गोपियां नग्न स्नान करती ये कुप्रथा थी उसको समाप्त किया और गिरराज भगवान कृष्ण के पुत्र है पूर्व वरदान के कारण भगवान ने गिरराज का पूजन कराया और फल बताया की जो भी भगवान गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा का पूजन करता है।उसके सारे कष्ट समाप्त हो जाते हैं उसके घर में कभी भी धन और धान्य की कमी नहीं रहती कथा में नार सिंह धाम सरकार सेवा समिति के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा कड़ी मेहनत के साथ श्रीमद् भागवत कथा को सफल रूपी प्राप्त किया जा रहा है श्रीमद भागवत कथा में परीक्षत बनने का सौभाग्य सुशीला पत्नी ओमप्रकाश शुक्ला जी को प्राप्त हुआ हे

# संगवारी के ऑडिशन में राजनांदगाँव जिले के कलाकारों का रहा दबदबा

निर्माता युमेन्द्र कश्यप व निर्देशक शेषनाग चौहान के निर्देशन पर हिरवानी फ़ल्मि प्रोडक्शन राजनांदगाँव के प्रोडक्शन में बनने वाली छत्तीसगढ़ी फ़ल्मि संगवारी का ऑडिशन राजनांदगांव जिला के सोमनी में दिनांक 11 जनवरी 2023 दिन बुधवार को बाज़ार चौंक स्थित घासीदास मंगल भवन में रखा गया जिसमें राजनांदगांव सहित दुर्ग, बालोद, रायपुर जिले के सैकड़ों कलाकारों ने भाग लिया। ऑडिशन के शुभारंभ में अतिथि के रूप में पहुंचे साहू संगठन सचिव प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ टूमन साहू बालोद के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र की पूजा कर ऑडिशन का शुभारंभ किया गया।ज्ञात हो कि निर्माता युमेन्द्र कश्यप व निर्देशक शेषनाग चौहान के निर्देशन बन रही छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक आदि पहलु पर भाष्य करने वाली फिल्म है। इन पहलुओं पर फिल्म के निर्माता युमेन्द्र कश्यप ने बताया कि- यह फिल्म पूर्णत~ छत्तीसगढ़ राज्य की आंचलिक जीवनशैली पर आधारित है। हमारी यह आशा है, यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर आकर्षित करेगी व पसंद आएगी।

**फिल्म में सभी पात्र के कलाकार नए होंगे-** श्री कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि फिल्म के सभी पात्र नए कलाकारों द्वारा अभिनीत किए जाएंगे। चूंकि छत्तीसगढ़ में प्रतिभा की कमी नहीं है, बशर्ते सही मंच नहीं मिलने के कारण हुनरमंद कलाकार अपने हुनर को आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं।



ऐसे कलाकारों को मंचस्थ प्रदान हेतु इस फिल्म में अभिनय कराई जा रही है। फिल्म के निर्माता श्री युमेन्द्र कश्यप छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के छोटे से गांव तौरेंगा के निवासी हैं। इनके द्वारा किए जा रहे इस कार्य की क्षेत्र में काफी प्रशंसा की जा रही है व क्षेत्रवासी इंतजार कर रहे हैं कि कब फिल्म सिनेमाघरों में आएंगी।

ऑडिशन में प्रमुख रूप से संगठन सचिव प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ टूमन साहू बालोद, शेषनाग चौहान मुंबई, संजय साहू दुर्ग, खुमान साहू, तोमेश हिरवानी, कमलेश सिन्हा कैमरामैन, रामकुमार चौहान, पोखराज साहू, फरसु राम, डिलेश्वर साहू के विशेष सहयोग में सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया।

# थाना कोतवाली पुलिस का कोचिंग संचालकों व छात्रों से संवाद

थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा ने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान जी अतरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे जी व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री निशा रेड्डी जी के निर्देशन में हाऊसिंग कॉलोनी में फायरिंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियां को रोकने हेतु कोचिंग संस्थानों में जाकर **संचालकों व छात्रों से किया संवाद**-छात्र छात्राओं को अपराधिक गतिविधियां से दूर रहने की दी हिदायत , आपस में सामंजस्य रख कर पढ़ाई पर ध्यान देने की दी नसीहतकोचिंग संचालकों को छात्रों को आईडी कार्ड देने, समय समय पर छात्रों से संवाद करने तथा छात्र छात्राओं के बीच किसी भी तरह के लड़ाई झगड़े की सूचना तत्काल पुलिस को देने की दी समझाइशछात्र छात्राओं को थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने स्वयं का मोबाइल नंबर देकर विश्वाश दिलाया की पुलिस आप की मदद के लिए हमेशा तत्पर है कोई भी परेशानी होने पर तत्काल पुलिस को अवगत करावेडायल 100 सेवा की जानकारी देकर डायल 100 से भी किसी भी समय मदद लेने की दी हिदायतछात्र छात्राओं के सहयोग के लिए तथा असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए हाउसिंग कॉलोनी में पुलिस सहायता केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है ।



# नगर परिषद मिहोना में स्वच्छ सर्वेक्षण



2023 के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष महोदया जी , के आदेशानुसार एव मुख्य नगर पालिका अधिकारी महोदय श्री महेन्द्र सिंह जी के मार्गदर्शन मे आज दिनॉक 12/01/2023 को निकाय परिसर मे जीरो वेस्ट इवेंट का आयोजन किया गया जिसमे सिंगल यू? प्लास्टिक पर उपयोग ना करने हेतु लोगो जागरूक किया गया साथ ही बाजार एवं सब्जी मंडी मे कप? से बना हुआ थेला घर से साथ लेकर जाये एवं खुले मे थूकना व पेशाब ना करना निम्न प्रकार की स्वछता के प्रति निकाय वासियों को जागरूक किया इस बीच उपस्थित नगर परिषद मिहोना की सहयोगी संस्था श्रीमति भगवती देवी महिला एवं बाल विकास शिक्षा प्रसार समिति के संचालक रनवीर राजावत एवं निकाय की कर्मचारी द्वारा अभियान चलाया गया

# मुल भुत सुविधाओ का सपना दिखाकर बेच रहै है प्लाट कोलोनाइजरो ने शासकीय जमीन पर कर दी प्लानिंग

**बडोदा / श्योपुर ।** जिले मे सैकडो कोलोनाइजर द्वारा अवैध तरीके से प्लाटिंग कर,रखी है जहा आमजन को मुलभुत सुविधाओ के नाम का दिलासा देकर ठगा जा रहा है वही आवासीय भू-अधिकार भी उनको नही मिल रहा है कोलोनाइजर द्वारा शासन के नियम का उल्लंघन कर प्लाटिंग की गई है वही कही जगह तो शासकीय भुमि को भी नही छोडा जहा भी प्लाटिंग कर दी है प्लाट वाले उपभोक्ताओ को नल बिजली सडक आदि की सुविधाओ का होना आवश्यक है लेकिन बिना मुलभुत सुविधाओ के ही प्लाट बेच दिये गये लगभग 5/6 सालो बाद भी कोई सुनवाई नही हुई शहर मे अनेको जगह कोलोनाइजर द्वारा प्लाटिंग की गई है जो मानक मे भी नही है नगर बडोदा मे लगभग 20/22 कोलोनीया है जो मुलभुत सुविधाओ के लिए तरस रही है वही कुछ लोगो ने तो मकान तक भी बना लिए लेकिन नाली निर्माण व पेयजल उपलब्ध नही होने से अधिक परेशान होना पडता है जब भूखण्ड बेचे थे तब सर्व सुविधा उपलब्ध कराने के वादे तो किये थे लेकिन कोई काम नही हुआ उपभोक्ता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहै है शहर के अधिकांश क्षेत्रो मे कोलोनाइजर द्वारा प्लाटिंग तो काट दिये लेकिन कोई सुविधा उपलब्ध नही की गई केवल कोलोनाइजर सुविधाओ उपलब्ध कराने की बात कहते है बडोदा की लगभग 20/22 कालोनिया आज भी सुर्व सुविधाओ से वंचित है गणेश नगर शिव शंकर रतोदन सडक बारह द्वारी कुंड मंदिर ऊंडाखाड वार्ड नंबर 14 इन्द्रपुरा स्थित आदि अनेक स्थानो पर कोलोनाइजरो द्वारा प्लाटिंग की गई लेकिन सुविधाओ का अभाव आज भी है वही शासकीय सडक व शासकीय जमीन पर भी प्लाटिंग कर दी गई इस संबंध जिला कलेक्टर महोदय ने कहा कि शासकीय भुमि पर प्लाटिंग करने वालो पर कारवाई करेगे


**प्रथम माह में शत प्रतिशत प्रेगनेसी टेस्ट पर मिलेगा पुरस्कार और सम्मान**

# कलेक्टर की अध्यक्षता में महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित

**श्योपुर,** ।कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कराहल स्थित आईटीआई सभागार में महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। मातृ मृत्युदर में कमी लाने के लिए उक्त दोनो विभागों द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों के क्रम में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि प्रथम माह में ही अपने-अपने क्षेत्र में शत प्रतिशत प्रेगनेसी आईडेन्टीफाई करने वाली आशा, आंगनबाडी कार्यकर्ता, एएनएम आदि को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया जायेगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिह गुर्जर, अपर कलेक्टर डॉ अनुज कुमार रोहतगी, एसडीएम श्री लोकेन्द्र सरल, डीपीओ महिला बाल विकास श्री ओपी पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ बीएल यादव, सहायक संचालक श्री रिशु सुमन, बीएमओ डॉ राजेन्द्र वर्मा, डीपीएम श्री सौमित्र बुधोलिया सहित सुपरवाईजर, सीएचओ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम, आंगनबाडी कार्यकर्ता, आशा आदि उपस्थित थी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्युदर में कमी के लिए किये जा रहे संयुक्त प्रयासों के अच्छे परिणाम सामने आये है, इसे सतत् रखते हुए और अधिक प्रयास कर बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि गर्भधारण की ट्रेकिंग बहुत जरूरी है। गर्भवती माताओं को चिन्हित कर उनको टीकाकरण एवं अन्य प्रक्रियाएं समय पूर्व पूर्ण कर ली जाये। डिलेवरी के पूर्व 14 दिन विशेष रूप से नजर रखी जायें। संभावित डिलेवरी तिथि का आंकलन भी किया जायें एवं डिलेवरी के समय नजदीक के प्रसव केन्द्र पर जननी वाहन अथवा 108 एम्बुलेस से भिजवाने की व्यवस्था की जायें। डिलवेरी के उपरांत भी फॉलोअप किया जायें। उन्होंने कहा कि संयुक्त रूप से दोनो विभागों की टीमें होम विजिट कर गर्भवती माताओं की निगरानी करें। डिलेवरी से पहले कम से कम 4 जांच होना आवश्यक है। इस प्रकार के प्रयासों एवं गंभीरता से मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्युदर में काफी कमी लाई जा सकती है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि संस्थागत प्रसव की सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र में बढाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास कर प्रसव केन्द्र खोले जा रहे है। हाल ही में काली तलाई में डिलेवरी प्वांइट चालू किया गया है, इसी प्रकार सेंसईपुरा में पिछले समय चालू किये गये डिलेवरी प्वांइट में लगभग 115 प्रसव हो चुके है। निरंतर सुविधाएं बढाने के प्रयास किये जा रहे है। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ यादव, डीपीएम श्री सौमित्र बुधोलिया द्वारा गर्भवती एवं प्रसूता महिलाओं की देखभाल एवं निरागनी करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि आशा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता तथा एएनएम द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण कर अपने-अपने क्षेत्रों में गर्भवती माताओं को चिन्हित कर प्रारंभिक टीकाकरण की कार्यवाही की जायें। इसके साथ ही अनमोल एप पर पंजीयन की कार्यवाही भी की जायें। सीएचओ द्वारा भी एक विजिट गर्भवती महिला के घर पर की जायें, जिससे कोई परेशानी हो तो निदान समय पर हो सकें। उन्होने कहा कि गर्भवती महिला की एक बार अस्पताल में सोनोग्राफी भी कराई जायें। बेहतर तरीके से निगरानी एवं संयुक्त प्रयासों से मातृ मृत्युदर में ओर अधिक कमी लाई जा सकती है



# क्या किसी देश या प्रदेश का मुखिया होना गुनाह है



समाजसेवी अरुणेश सिंह भदौरिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी
ग्वालियर मध्य प्रदेश

आज कुछ वीडियो वाइरल हो रहे है जिसमे भीड़ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को गली दे रही है और भीड़ में शामिल सभी लोग गली देने वाले व्यक्ति के साथ नारे लगा रहे है में आम नागरिक होने के नाते इन गालीवाजो से ये पूंछना चाहता हूँ की इस तरह का विरोध प्रदर्शन संविधान के कौन से आर्टिकल में लिखा है मुझे बताने का प्रयास करे ताकि आने वाले समय में मै देश की जनता को बता सकूँ की संविधान के इस आर्टिकल के तहत आप सत्ता के उच्च पद पर बैठे व्यक्ति को उसकी माँ बहन की गली दे सकते हो विरोध /आंदोलन करके अपनी बात मुखिया तक पहुँचाना गलत रास्ता नहीं है लेकिन इसका तरीका सभ्य होना चाहिए हो सकता समय लगे लेकिन आपकी बात को जरूर सुना जायेगा लेकिन इस तरह अभद्र भाषा का प्रयोग करके आप आपसी माहौल को बिगाड़कर विभिन्य समाजो के बीच वैमनस्यता ड़ैलाने का प्रयास कर रहे ताकि आपलोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेकते रहे मै इस पुरे मामले की कड़ी निंदा करता हूँ


# समानता समाज सेवी संस्थान द्वारा लगाया गया निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**



समानता समाज सेवी संस्थान द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज ग्राम सैथरी में लगाया गया जिसमें ग्वालियर के श्री पार्थ हॉस्पिटल के द्वारा 50 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच कर मोतियाबिंद के करीब 20 मरीज चिन्हित किए गए तथा उनका ऑपरेशन ग्वालियर में आई सर्जन डॉ हर्ष सुखमानी द्वारा किया जाएगा समाजसेवी ग्राम पंचायत के सरपंच संदीप शर्मा द्वारा बताया गया कि पंचायत के सभी ग्राम वासियों को इसी प्रकार शिविर की सुविधा हमारी पंचायत के द्वारा दी जाएगी निशुल्क आने जाने की व्यवस्था कराई गई

# अमेरिका का जोनाथन ली रिचेज दुनिया का अजीबो गरीब इंसान है यह दुनिया में सबसे ज्यादा मुकदमे लड़ने वाला इंसान कहलाता है।



इसने सबसे पहला मुकदमा अपनी माँ के खिलाफ दर्ज करवाया कि माँ ने उसकी पालन पोषण अच्छी तरह नहींकी वह केस जीत गया और उसे बीस हजार डालर मुआवजा मिला। उसने अपने दोस्त,अपने उस्ताद, अपने पड़ोसी, अपने रिश्तेदारों,अपनी मंगेतर, पुलिस, जज, मशहूर कम्पनियों यहाँ तक कि जार्ज बुश पर भी मुकदमें किये।

**अलग अलग अदालतों में उसकी तरफ से दाखिल किये-** गये मुकदमों की संख्या 2600 के करीब है उसका नाम गिनीड़ बुक मे दर्ज किया गया फिर उसने गिनीज बुक आफ वर्ल्ड के खिलाफ ही मुकदमा ठोक दिया कि उसकी इजाजत के बिना उसकी जाती जिंदगी के सम्बंध में क्यों लिखा।मुखतलिफ मुकदमों में हर्जाने और मुआवजे में आठ लाख डालर के करीब जीत चुका है। उसे एक टीवी शो में बुलाया गया उसने इंतहाई दुख और रंज के आलम में शो वालों से सवाल किया कि क्या वजह है कि इतनी शोहरत के बाद भी मैं अकेले जिंदगी गुजार रहा हूँ, कोई मुझसे प्यार करने वाला नहीं है ड़ टीवी शो वाले इस बात पर हंस पड़े और काफी देर हंसते रहे, वह टीवी शो छोड़कर उठा और अपनी बेइज्जती के लिए टीवी चैनल पर मुकदमा कर दियापचास हजार डालर उधर से हर्जाना मिला

# पहले दिन सीएमओ ने पदभार ग्रहण करते ही दिया सफाई पर जोर

## स्टोर रूम,ट्रेंचिंग ग्राउंड सहित रोड पर खड़े होकर कराई सफाई

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** दबोह नगर परिषद के नए सीएमओ प्रदीप ताम्रकार ने शुक्रवार को दबोह नगर परिषद् का पदभार ग्रहण किया है।इस दौरान उन्हें नगर से निकलने वाले कचड़े के ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचे जहां कचड़े को कलेक्ट किस प्रकार किया जाता है वहां पर रहने वाले कर्मचारी को बताया।और कहा है कि हर कचरे को अलग-अलग करके बॉक्सो में कलेक्ट करें और जिससे वह उपयोग में कचरा आ सके तभी वहां से निकलते हुए नगर के मुख्य रोड की खड़े होकर जेसीबी की मदद से साफ सफाई कराई है और कहा कि सफाई में कमी देखने पर कर्मचारियों के साथ कोई भी समझौता नहीं होगा तत्काल कार्रवाई की जाएगी।और कहा है कि दबोह नगर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना है जिससे नगर के लोग और हम सब सुरक्षित रह सके हम स्वच्छ रहेंगे तो हमारा देश आगे रहेगा स्वच्छता की साथी हमें आगे बढ़ना होगा।इस दौरान दबोह नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती विमला दुधारिया,उपयंत्री हरी प्रताप सिंह, स्वच्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर सहित पार्षद गण मौजूद रहे।





# युवाओं को अपने शरीर को स्वस्थ वा रोगमुक्त होने के लिए व्यायाम करना अति आवश्यक है : बीके रेखा बहन

**पोरसा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गांधीनगर पोरसा सेवा केंद्र पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत युवा दिवस पर युवाओं को योग का अभ्यास कराते हुए दिखे बीके रेखा बहन ने कहा हम अपने शरीर से जितना व्यायाम योगा और योग करेंगे उतना ही हम हमारा शरीर स्वस्थ तंदुरुस्त रहेगा एवं मानसिक तनाव से दूर रह सकेंगे और साथ में यह भी कहा रक्त का संचार सुचारू रूप से संचालित रहेगा और यह भी कहा कि हमें प्रतिदिन ईश्वर का स्मरण करना चाहिए अगर हमें बीमारियों से बचना है तो मेडिटेशन अवश्य करें मेडिटेशन अर्थात स्वयं को आत्मा निर्धारित कर परमात्मा से कनेक्शन करना रिलेशन बनाना हमें परमात्मा का चिंतन अवश्य करना चाहिए महापुरुषों ने कहा ऋषि-मुनियों ने कहा प्रतिदिन एक घंटा परमात्मा का स्मरण चिंतन मनन अवश्य करना चाहिए युवाओं को संबोधित करते हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा कि आज के युवा हमारी देश की शान है मैं सभी युवाओं से आज यही संकल्प करवाना चाहता हु कि मेरे युवा साथी व्यसनों से एवं व्यर्थ विचारों से आजाद होकर अपने लक्ष्य को निर्धारित करे नशा आदि से दूर रहें बीड़ी सिगरेट जुआ शराब मानव जीवन करे खराब तभी होंगे हमारे सपने साकार हमारी भारत माता का हमारे भारत देश का अवश्य ही नाम रोशन हो जाएगा मुख्य रूप से उपस्थित रहे नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता झोपड़ी प्रकोष्ठ पवन शर्मा सोमेश तोमर नीरज भदौरिया रमाकांत शर्मा सोमेश तोमर संदीप उपाध्याय राघवेंद्र कटारे शिवराज तोमर जसराम गुप्ता श्याम मुरारी बाबा शिव कुमार तोमर सचिन अग्रवाल आरती अग्रवाल वंदना गुप्ता सरोज गुप्ता सत्यवती ओझा आदि लोग उपस्थित रहे



# जवाली रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों के ठहराव की मांग

# जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध नागरिकों ने दिया सांसद के प्रतिनिधि को ज्ञापन

**पुष्पांजली टुडे। संवाददाता पाली राजस्थान**



**रानी पाली ।** (अजय कुमार जैन जवाली ) जनवरी मारवाड़ क्षेत्र के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन जवाली पर लंबी दूरी की गाड़ियों के ठहराव एवं अन्य सुविधाओं को लेकर 15 करोड़ की स्वीकृति जारी किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने पाली सांसद पीपी चौधरी के प्रतिनिधि हेमंत गादाना को एक ज्ञापन प्रस्तुत कर समाधान का आग्रह किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जवाली रेलवे स्टेशन के पास कई छोटे-बड़े गांव हैं। यहां की आबादी भी अधिकांश मुंबई दक्षिण भारत के प्रमुख शहर अहमदाबाद , सूरत , वापी, नासिक , पुणे, चेन्नई, कर्नाटक, हैदराबाद , हुबली में व्यवसाय को लेकर आवागमन करती हैं एवं स्थाई रूप से वहां पर व्यवसाय के रूप में बसे हुए हैं। इसी प्रकार जवाली गांव में स्टेचू ऑफ पीस राष्ट्रीय राजमार्ग 62 से मात्र 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जिसका उद्घाटन भी 16 नवंबर 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था । जवाली में सरकारी कार्यालय भी स्थित होने की वजह से कर्मचारी व अधिकारी अपडाऊनर के रूप में यात्रा करते हैं। मात्र एक पैसेंजर ट्रेन का ठहराव जवाली में होने की वजह से रेलयात्री परेशान है। रेलवे स्टेशन के समीप आईजी विद्यापीठ शिक्षण संस्थान है जहां पर हॉस्टल की व्यवस्था है, यहां अध्ययन करने के लिए बाहरी राज्य की छात्राएं भी आती है जिन्हें ट्रेन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बीकानेर से दादर की ओर जाने वाली राणकपुर एक्सप्रेस, श्री गंगानगर से बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस, पुणे से भगत की कोठी एक्सप्रेस , जोधपुर से बेंगलुरु की ओर जाने वाली एक्सप्रेस रेलगाड़ी, दौलतपुर साबरमती एक्सप्रेस के ठहराव की भी मांग की गई है। यह प्रतिनिधिमंडल ग्राम पंचायत जवाली के सरपंच जुगराज डी जैन के नेतृत्व में गादाना से मिला है । इस मौके पर जवाली गांव के भीमसिंह मेड़तिया, पूर्व उपसरपंच गणाराम चौधरी पूर्व सरपंच गमना राम चौधरी पूर्व उपसरपंच वीरम सिंह राजपुरोहित एवं उत्तमचंद गांधी एवं मारवाड़ जंक्शन की स्वयंसेवी संस्था श्री साई दर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेंद्रसिंह मीणा सहित अनेक जन उपस्थित थे ।

# पर्यावरण के क्षेत्र में पक्षियो का अहम योगदान : परिहार

## बिलाड़ा चेयरमैन की संस्था के कार्यो की सराहना

**पुष्पांजली टुडे। संवाददाता पाली राजस्थान**

**पाली बिलाड़ा।** मकर सक्रांति पर्व पर पूरे समूचे क्षेत्र में पतंग बाजी का दौर चलेगा जिसको लेकर पर्यावरण संजीवनी संस्थान की टीम अलर्ट मोड़पर है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया की पतंग की डोर से कोई पक्षी घायल हो जाये तो उन्हें घटना स्थल से एकर रेस्क्यू सेंटर पर उपचार तक के लिए जुटी हुई है। शुक्रवार को बिलाड़ा नगर पालिका चेयरमेन रूपसिंह परिहार,प्रति पक्ष नेता अर्जुनसिंह बोचावत की मौजूदगी में रेस्क्यू सेंटर पोस्टर विमोचन किया गया । इस मोके पर चेयरमैन रूपसिंह परिहार ने कहा कि पर्यावरण की सुद्धता में पक्षियो का बहुत बड़ा रोल है। पक्षियो की चहल पहल ओर सुरीली आवाज से पर्यावरण में मिठास देती है । संस्था के चेयरमैन गोविंद सीरवी ,मनोहर पितावत ने कहा कि बिलाड़ा, बोरुंदा, कापरड़ा, भावी, पीपाड़ खारिया मीठापुर तक राजकीय पशु चिकित्सालय के सहयोग से रेस्क्यू सेंटर स्थापित किये गए। जिससे कोई पक्षी पतंग की डोर से घायल होता है। तो उन्हें तुरंत उपचार किया जा सके । इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रूप सिंग परिहार लादूराम 1ड्ड , भवर सिंग राठौड़,द्यह्यड्ड, सुनील गोदारा रविंद्र सिंह पेमाराम श्च्ह्य,, मौजूद रहे



# सदर विधायक के वार्षिक मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, ई- रिपोर्ट कार्ड-2022 का हुआ विमोचन

## बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए बाबूलाल मरांडी, कार्यकर्ताओं से कहा विश्राम नहीं परिश्रम करें ताकि 2024 में देश के साथ झारखंड में भी बड़ा कमल खिले

### जनता के सुख- दु :ख के साथी हैं सदर विधायक- अशोक यादव

**स्टेट हेड झारखंड-आनंद शाही**

हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा शुक्रवार को शहर के द पैराडाइज रिसोर्ट परिसर में कार्यकर्ता वार्षिक मिलन-सह- ई रिपोर्ट कार्ड-2022 विमोचन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक दल के नेता सह झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, नगर निगम अध्यक्ष रोशनी तिर्की, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, प्रो.के.पी.शर्मा, कटकमदाग जिप सदस्य जीतन राम, कटकमसांडी जिप सदस्य मंजू नंदिनी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए ।समारोह की शुरूआत भाजपा विधायक दल के सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य अतिथियों का पारंपारिक रीति- रिवाज से क्षेत्र की आदिवासी बहनों की नृत्य टोली द्वारा सामुहिक नृत्य एवं स्वागत गान के साथ किया गया। जिसके बाद सभी अतिथियों का सामूहिक रूप से सभी सदर विधायक प्रतिनिधियों और सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों के द्वारा सामूहिक रूप से 51 किलो का विशाल माला पहनाकर और फिर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा बाबूलाल मरांडी को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। अन्य अतिथियों का बारी- बारी से भाजपा नेताओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद बाबूलाल मरांडी ने डिजिटली कंप्यूटर से क्लिक कर विधायक मनीष जायसवाल के साल- 2022 के सेवा कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत करती सेवा पुस्तिका 2022 के ई- रिपोर्ट कार्ड का विमोचन विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया। जिसे उपस्थित हजारों लोगों ने बड़े ही बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने इस रिपोंट कार्ड का विस्तार से लोगों को बारीकी से हरेक कार्यों को रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करना जनहित में अत्यंत आवश्यक है। ताकि जनता ने जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व प्रदान किया है उसके निर्वहन में हुए जनता की अदालत में कितना सक्षम होते हैं इसका आकलन हो सके। उन्होंने कहा की साल 2016 से प्रत्येक वर्ष मैं अपनी रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष प्रस्तुत करता रहा हूं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए साल 2022 के संघर्षों और सेवा की गाथा से परिपूर्ण अपनी रिपोर्ट कार्ड आपके समक्ष प्रस्तुत करता




## कर्म और सेवा के बदौलत मानवता और जरूरतमंदों को रहूंगा समर्पित-मनीष जायसवाल
## क्षेत्र का विकास और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध है मनीष जायसवाल - मनोज यादव

हूं। अपने रिपोर्ट रखते हुए उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत कोरोना के आखिरी लड़ाई के साथ हुई जिसमें हमने पूरी तन्मयता से कार्य किया। जिसके बाद लगातार 80 दिनों तक निरंतर हजारीबाग में ध्वस्त बिजली व्यवस्था के विरुद्ध सड़क से सदन तक आंदोलनरत रहा, बरही के स्व.रूपेश पांडेय और दुमका की स्व.अंकिता सिंह के न्याय की लड़ाई लड़ी, रामनवमी और सरहुल जुलूस की अनुमति की मांग को लेकर सड़क से सदन तक मशक्कत किया, रामनवमी के अखाड़ा धारियों के बीच झंडा लाठी और तलवार भेंट किया, हर एक जरूरतमंद के लिए दिन हो या रात सदैव तत्पर रहा, हजारीबाग सहित प्रदेश के अन्य प्रभावित जिलों को सूखाग्रस्त घोषित करने के लिए आंदोलनरत रहा, सनातन संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए सावन माह में प्रत्येक शिवालयों में रुद्राभिषेक कराया, राष्ट्रीयता की भावना को हर जन्म में जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाया और क्षेत्र के हर एक दर तक तिरंगा पहुंचाया, युवाओं में खेल की भावना को जागृत करने के लिए नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 के माध्यम से करीब 600 टीमों का अलग-अलग क्षेत्र में टूर्नामेंट कराया और करीब 7 हज़ार खिलाड़ियों को आकर्षक नमो जर्सी भेंट किया। दर्जनों मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए टाइल्स सीमेंट भेंट किया एवं प्रतिमा दान किया। हजारीबाग से लंबी दूरी की ट्रेन की मांग और हजारीबाग में हवाई अड्डा के निर्माण की मांग पुरजोर तरीके से उठाई और हजारीबाग के हर एक जन समस्या को अपने स्तर से निराकरण करते हुए क्षेत्र के विकास में हर संभव सहयोग पहुंचाया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जब आपने पहली बार मुझे विधायक चुनाव तो कई चुनौतियों का सामना करते हुए सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीर खींचने का हमने प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मेरा आने वाला वर्ष भी आपके सहयोग से कर्म और सेवा के बदौलत मानवता और जरूरतमंदों को समर्पित होगा और हजारीबाग को विकास के क्षेत्र में एक नए मुकाम की ओर अग्रसर करने का प्रयास करूंगा ।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने विधायक मनीष जायसवाल के निरंतर सफलतम 8 वर्ष बतौर विधायक पूरे करने के लिए बधाई दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वास्तव में उन्होंने प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष प्रस्तुत कर मिसाल कायम किया है। इनकी रिपोर्ट कार्ड हरेक वर्ष हम तक भी पहुंची है और आज रिपोर्ट कार्ड विमोचन के अवसर पर उपस्थित होकर मुझे गर्व हो रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कार्यकर्ताओं और जनता को अवगत कराने के लिए भी विधायक मनीष जायसवाल ने एक पुस्तक लिखा है जो जनहित में बेहद कारगर है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधायक मनीष जायसवाल के दिलों में हमेशा क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के लोगों की चिंता होती है, इनसे जब भी हम मिलते हैं मुझे यह एहसास होता है। जन समस्याओं को लेकर जिस मुखरता से विधायक मनीष जायसवाल सदन में गूंजते हैं वह किसी से छिपा नहीं है। तकनीकी युग में हरेक पल का रिपोर्ट कार्ड बखूबी विधायक मनीष जायसवाल जनता को प्रस्तुत करते हैं। झारखंड की हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा वर्तमान में सत्ता में नहीं है लेकिन जिनके हाथों में सत्ता है वो सत्ता को काम करने का नहीं बल्कि कमाने का माध्यम बना लिए हैं झारखंड की जनता को बधाल छोड़ दिए हैं। हेमंत सरकार के 3 साल में झारखंड में खनिज संपदा तो छोड़ दीजिए सरकार बालू से भी तेल निकाल रही है। झारखंड देश का पहला प्रदेश है जहां के मुख्यमंत्री उद्योग मंत्री हैं और साथ में खनन मंत्री भी। मुख्यमंत्री खुद अपने नाम से खनन पट्टा लेते हैं तो अपनी पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन ले लेते हैं। सरकार के मंत्री और मंत्रियों के दलाल मालामाल हैं। विकास बिल्कुल ठप्प है, गरीबों के लिए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना 5 केजी अतिरिक्त राशन भी समय पर गरीब को नहीं मिल रहा है, स्वास्थ्य, शिक्षा का बुरा हाल है, रोज़गार के लिए युवा सड़क पर हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मेरी राजनीतिक समय अत्यधिक संथाल परगना में बीती है बावजूद इसके जब से हजारीबाग को देखता हूं तरस आती है। हजारीबाग बेहद सुंदर शहर है और इसमें बोकारो और टाटा को भी मात देने की असीम क्षमता है। बस जरूरत है तो एक बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर वातावरण बनाने की। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ कर हजारीबाग को बड़े शहरों के तर्ज़ पर मुकाम तक पहुंचाया जा सकता है। उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं को बाबूलाल मरांडी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 2024 आने वाला है अब महज साडे 11 महीने बचे हैं। कार्यकर्ताओं से उन्होंने कहा कि अब विश्राम का नहीं बल्कि परिश्रम करने का समय है ताकि 2024 में जब चुनाव हो तो देश के साथ झारखंड में भी भाजपा की सरकार बने इसके लिए हमें अपनी पूरी क्षमता झोंक देनी है। जनता तक सरकार की एक-एक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है, तभी हम मिशन 2024 को कामयाब कर सकेंगे।बरही विधायक मनोज यादव ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को जननेता बताते हुए कहा कि जनता से गहरा लगाव और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देखते ही बनती है। प्रो. के.पी.शर्मा ने भी विधायक मनीष जायसवाल को भविष्य में ओर बेहतर करने को प्रेरित किया एवं कई अहम सुझाव भी दिए। स्वागत भाषण देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने विधायक मनीष जायसवाल को विकास पुरुष कहते हुए मानव सेवा का मिसाल बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश पति ओझा और धन्यवाद ज्ञापन अनिल मिश्रा ने किया ।मौके पर विशेष रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, किसान मोर्चा अध्यक्ष नवीन रंजन दुबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका कुमारी, भाजयुमो अध्यक्ष विकास सिन्हा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष तनवीर अहमद, एसटी मोर्चा अध्यक्ष महेश तिग्गा, भाजपा नेता सुदेश चंद्रवंशी, मुखिया संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार कुशवाहा, अनिल मिश्रा, हरीश श्रीवास्तव, अभिमन्यु प्रसाद, बटेश्वर प्रसाद मेहता, विनोद झुनझुनवाला, प्रो.सुबोध सिंह शिवगीत, विवेकानंद सिंह, संवारमल अग्रवाल, नरेंद्र कुमार, रमेश ठाकुर, कटकमसंडी संगीता देवी, दारू प्रमुख ,अर्जुन साव, उज्जवल दास, रमेश हेंब्रम, टोनी जैन, शंकर गुप्ता, राजेश गुप्ता, दामोदर सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, पंकज गुप्ता, कटकमसांडी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, रीतलाल यादव, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, दारू मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण, सदर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडेय, पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, पूर्व डिप्टी मेयर आनन्द देव, समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, नारायण गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, विजय कुमार, अजय कुमार साहू, किशोरी राणा, बालदेव बाबू, बंटी तिवारी, आशीष सोनी, इन्द्रनारायण कुशवाहा, शिवपाल यादव, अन्नू लाल, ज्योत्सना देवी, लीलावती देवी, सोनी देवी, पूनम चौधरी, विजुल देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## महंगाई को गंभीरता से नहीं ले रही सरकार

यह सब स्वीकार करते हैं कि स्थिति बड़ी ही गंभीर है, परंतु न तो वित्त मंत्री ने और न ही शासक दल ने इन समस्या के मूल में जाने का प्रयास किया है। वस्तुतः इसे कांग्रेस सरकार ने शुरू से अब तक की अपनी पंचवर्षीय योजनाओं तथा अन्य नीतियों से एकाधिकार प्राप्त लोगों की ही समृद्धि की है और कर रही है, परंतु बात यह समाजवाद की करती है । दो दिन पहले ही उद्योग मंत्री की उपस्थिति में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने वक्तव्य दिया कि देश के 75 बड़े उद्योग गृहों में से 66 उनके राज्य में हैं और उन्हें बड़ने दिया जाना चाहिए, ताकि बेरोजगारों को रोजगार मिले, क्षेत्रों का विकास हो और उत्पादन बढ़े। फिर भी हमारी अर्थव्यवस्था इस प्रकार क्यों चौपट हो रही हैड़ क्या कभी इसके कारणों की खोज की गई है। यह सरकारी नीति की अनुपयुक्तता के कारण ही तो है कि देश में निरंतर बेरोजगारी बड़ रही है, कीमतें बड़ रही हैं, काला धन बड़ रहा है और धन कुछ ही लोगों के कब्जे में जा रहा है। आज देश में 75 करोड़ रुपये काला धन विद्यमान है। फिर सर्वेक्षण से पता चलता है कि हरित क्रांति के फलस्वरूप ग्रामीण लोगों के मध्य अधिक ध्रुवीकरण हुआ है, अधिक लोग भूमिहीन हुए हैं तथा बेरोजगारी बड़ी है। आज बड़ी-बड़ी कंपनियों के स्वामी बैंकों से बड़ी-बड़ी राशियां प्राप्त कर रहे हैं तथा अपने पूंजीगत उत्पादन के लिए सभी स्रोतों का लाभ उठा रहे हैं। सारी खाद्यान्न मंडियां उनके काबू में हैं। सरकार, मंत्रालय, विभाग, सभी उनके नियंत्रणाधीन होते जा रहे हैं। यही मूल समस्या है।

कीमतों में वृद्धि तथा आर्थिक संकट से सारा देश संतप्त है और यह संकट निरंतर बड़ता जा रहा है। साथ ही, असंतोष के कारण लोगों में धैर्य भी समाप्त होता जा रहा है। दिल्ली में रोज बस जलाई जा रही है। एक दिन सरकार महंगाई रोकने का आह्वान करती है, तो दूसरे ही दिन समाचार पत्रों में छपता है कि चीनी और अनाज के भाव बड़ गए हैं, अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बड़ने के समाचार भी नित्य आते हैं। वित्त मंत्री कहते हैं कि निकट भविष्य में कीमतों में गिरावट आएगी, परंतु स्थिति कुछ भिन्न ही है। अतः अब किसी प्रकार की सुस्ती या काहिली की गुंजाइश नहीं रह गई है। उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर वस्तुएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरकार ने स्वयं इस बात को स्वीकार किया है कि भारत में 50 प्रतिशत लोग भुखमरी स्तर से भी निम्न स्तर पर जीवनयापन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक में मैंने कहा था कि सरकार मामले की गंभीरता को नहीं पहचान रही है। वित्त मंत्री के वक्तव्य से मेरी बात सिद्ध होती है कि स्थिति गंभीर है।...तर्क दिए जा रहे हैं कि सारे देश में ही कीमतें बड़ रही हैं और सरकार का इसमें कोई दोष नहीं है। यदि इस बात को स्वीकार कर लिया जाए, तो फिर सरकारी नीति में कोई परिवर्तन करने की जरूरत नहीं रह जाती है । सरकार की बात को गलत सिद्ध करने के लिए मैं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के प्रतिवेदन का उल्लेख करना चाहता हूं। प्रतिवेदन में कहा गया है कि केन्या में कीमतें 18.6 प्रतिशत बड़ी हैं, थाइलैण्ड में 19.1 प्रतिशत, ईरान में 17 प्रतिशत, पाकिस्तान में 45.1 प्रतिशत, परंतु भारत में कीमतों में 90 प्रतिशत वृद्धि हुई है। कुछ मित्रों ने चीन तथा रूस का उल्लेख किया था। 1971 में चीन की अर्थव्यवस्था के बारे में संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक निर्धारण किया गया था। उसमें बताया गया है कि वहां पर सभी के पास रोजगार है और लोगों की आय बड़ाने का प्रयास किया जा रहा है, वहां जीवन निर्वाह लागत कम है और लोगों को आयकर नहीं देना पड़ता है। यह भी बताया गया है कि चीन की सरकार ने रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों की कीमतों को कम करने के लिए भी कदम उठाएं हैं। कृषि उत्पादों पर कर को 12 प्रतिशत से कम कर 1971 में छह प्रतिशत कर दिया गया है, दैनिक प्रयोग की औद्योगिक वस्तुओं की कीमतें भी वहां कम हो रही हैं...। यह चीनी अर्थव्यवस्था का चित्र है, इसकी तुलना भारतीय अर्थव्यवस्था से की जा सकती है। मेरा निवेदन यह है कि महंगाई के मूल कारणों को दूर किया जाना चाहिए। सरकार को खाद्यान्नों का व्यापार अपने हाथ में ले लेना चाहिए। अन्य अत्यावश्यक वस्तुओं के व्यापार को भी सरकार द्वारा अपने हाथों में लेना चाहिए । इनके वितरण की जिम्मेदारी सरकार को स्वयं संभालनी चाहिए

## राशिफल

**मेष राशि**–धैर्यशीलता में कमी रहेगी, आत्म संयत रहें, शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकता है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार विस्तार होगा, लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं,।

**वृष राशि**– कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बड़ेगा। पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं, माता का सहयोग मिलेगा। माता से धन प्राप्ती के योग हो सकते हैं, किसी मित्र का आगमन हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन होगा, नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बन रही है।

**मिथुन राशि**-अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बड़ सकती है। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धनलाभ हो सकता है, परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। भाइयों का सहयोग मिलेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ती हो सकती है,

**कर्क राशि**– आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बड़ेगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे, किसी मित्र के सहयोग से संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।सिंह राशि- (24 **जुलाई**–मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यभार और आय में वृद्धि हो सकती है, परन्तु खर्च भी बड़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें। वाणी के प्रभाव से कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। कुछ दिक्कतें भी आ सकती हैं। किसी राजनेता से मुलाकात हो सकती है। आत्मसंयत रहें।

**कन्या राशि**– कारोबार के विस्तार की योजना साकार होगी, भाइयों का सहयोग मिलेगा लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। घर-परिवार में मांगलिक कार्य होंगे, अनियोजित खर्चें बड़ेंगे। वस्त्रादि उपहार भी मिल सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला राशि**– आत्म विश्वास से लबरेज रहेंगे, लेकिन आत्म संयत रहें। आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, परिश्रम की अधिकता रहेगी। माता का सांनिध्य व सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि**- वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बड़ेगा। माता से विचारों में मतभेद हो सकते हैं लेकिन धन प्राप्ती भी है। संचित धन में वृद्धि होगी, नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, वाहन सुख में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन संभव है।

**धनु राशि**– धैर्यशीलता में कमी आएगी, आत्म संयत रहें। वाणी का प्रभाव बड़ेगा, किसी धार्मिक सत्संगी कार्यक्रम में जाना हो सकता है। रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बड़ेगा। संपत्ति से आय में बड़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी लेकिन स्थान परिवर्तन की संभावनाएं बन रही हैं।

**मकर राशि**– आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बड़ सकते हैं। जीवनसाथी का स्वास्थ्य विकार हो सकता है, चिकित्सा कार्यों में खर्च बड़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की संभावना बन रही है, किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। भाइयों के सहयोग से परंतु परिश्रम की अधिकता रहेगी। संतान के स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं, रहन-सहन असुविधापूर्ण रहेगा।

**कुंभ राशि**– आत्मविश्वास में कमी रहेगी लेकिन परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है। किसी पुराने मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। इच्छा विरुद्ध कार्यक्षेत्र में वृद्धि संभव है। बातचीत में संयत रहें, खर्चों में वृद्धि होगी। वस्त्रादि उपहार स्वरूप प्राप्त हो सकते हैं।

**मीन राशि**–मन में प्रसन्नता के भाव तो रहेंगे, फिर भी आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें, माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है, आय में वृद्धि होगी। रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकता है, रहन-सहन कष्टकायी हो सकता है।

# दुनिया पर हावी होने का चीनी मनसूबा

दुनिया के अनेक हिस्सों में पिछले हफ्ते बहुत से दिलचस्प नजारे दिखाई दिए। भारत की राजनीति हो, दीपावली का उत्सव हो या दीपावली के दिन ब्रिटेन में एक हिंदू ऋषि सुनक का प्रधानमंत्री बनना हो, लेकिन इन सबके बीच जो एक चौंकाने वाला नजारा दिखाई दिया, वह चीन से था। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की पंचवर्षीय कांग्रेस या अधिवेशन में। यह अधिवेशन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का नया नेतृत्व चुनता है। यही नेतृत्व चीन की सरकार होता है। पुरानी परंपराओं और नियमों को ताक पर रखकर इस बार शी जिनपिंग को तीसरी बार पार्टी का महासचिव या देश का सर्वोच्च नेता चुन लिया गया। माना जा रहा है कि अब जिनपिंग कम से कम दस साल के लिए और अगर वह चाहें, तो जिंदगी भर के लिए सत्ता पर काबिज रह सकते हैं। वैसे, देखने लायक नजारा यह नहीं था। नजारा था, पूर्व राष्ट्रपति हू जिन्ताओ के साथ हुआ व्यवहार, लेकिन चीन के भीतर यह खबर कहीं नहीं आई। चीन के प्रमुख अखबार ग्लोबल टाइम्स ने खबर यह छापी कि चीन में विदेशी निवेश बड़ाने के लिए सरकार ने बहुआयामी सुधारों के एलान किए हैं, लेकिन बाकी दुनिया इस वक्त चीन की राजनीति और अर्थनीति, दोनों को ही काफी शंका के साथ देख रही है। जिनपिंग 2012 में राष्ट्रपति बने थे और तभी से चीन की आर्थिक और सामरिक शक्ति को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का सपना साकार करने में जुटे हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में उन्होंने चीन के भविष्य का जो खाका खींचा है, उससे दुनिया भर में खलबली मची हुई है। उन्होंने दो तरह के लक्ष्य सामने रखे हैं। पहला, 2035 तक चीन को विकासशील देशों की कतार से निकालकर एक ऐसा देश बनाना, जिसमें आम जनता गरीब नहीं, बल्कि मध्यवर्गीय हो, यानी उसकी आमदनी दुनिया के पैमाने पर अमीर देशों के मिडिल क्लास जैसी ही हो, साथ ही, चीन की सेना का आधुनिकीकरण भी 2035 तक करना है। लेकिन इससे बड़ा दूसरा लक्ष्य उन्होंने 2049 के लिए रखा है। यह चीन गणराज्य की शताब्दी का वर्ष होगा। साल 2049 तक जिनपिंग सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीन एक ऐसा राष्ट्र बन जाए, जो राष्ट्रीय शक्ति व अंतरराष्ट्रीय प्रभाव के मानकों पर दुनिया में सबसे आगे हो। यह बात सुनने में कुछ खास खतरनाक नहीं लगती। यह वैसी ही बात है, जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं। पर चीन व जिनपिंग पर बारीक नजर रखने वाले जानकार उनकी इस इच्छा के भीतर काफी कुछ पड़ रहे हैं और उनके हिसाब से जिनपिंग की यह महत्वाकांक्षा काफी खतरनाक मोड़ ले सकती है। याद रखना चाहिए कि पिछले बीस सालों में चीन ने काफी तेजी से तरक्की की है और जिनपिंग के कुरसी संभालने के बाद के दस साल में चीन की अर्थव्यवस्था का आकार दो गुना हुआ है। साल 2012 में जब वह कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव बने, तब चीन की जीडीपी 8.53 ट्रिलियन या लाख करोड़ डॉलर थी। अब यह सतरह लाख करोड़ डॉलर के पार जा चुकी है। उसने जापान को काफी पीछे छोड़ दिया है और अमेरिका के नजदीक पहुंचता जा रहा है। 'काल पर मोहर लगने के साथ ही चीन के रियल एस्टेट कारोबार से लेकर शेयर बाजार तक बेचैनी की एक लहर दिखाई पड़ी है। इस बेचैनी और चीन के स्वर्णिम भविष्य के जिनपिंग के सपने के बीच तालमेल की गुंजाइश तलाशना आसान नहीं है। लेकिन इस बेचैनी की वजह समझना भी बहुत मुश्किल नहीं है। जिनपिंग को तीसरी बार चुन लिया जाएगा, इसमें किसी को भी शक नहीं रह गया था, लेकिन जिस अंदाज में उन्हें चुना गया है, देखकर चिंता गहराती है। जिनपिंग अपने लक्ष्यों को हासिल करने या चीन को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाने के लिए क्या और कैसे पैंतरे आजमा सकते हैं। असर दिख रहा है कि चीन के अमीर देश छोड़कर भागने की कोशिश में जुट गए हैं। कितने कामयाब होंगे पता नहीं, मगर दुनिया के शीर्ष आर्थिक अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने खबर दी है कि इसकी सुगबुगाहट तो महीनों से चल रही थी। अब बड़े घरानों के निवेश का हिसाब-किताब रखने वाले फैमिली ऑफिस चलाने वाले वकीलों के पास ऐसे लोगों-अमीरों का तांता लगा हुआ है, जो न सिर्फ चीन, बल्कि हांगकांग से भी खिसकना चाहते हैं। अब तक चीन से दुखी या चिंतित धनकुबेर हांगकांग जाया करते थे, लेकिन वहां लोकतंत्र समर्थक आंदोलन को कुचले जाने के बाद वह जगह भी सुरक्षित नहीं मानी जा रही। कूटनीति और सामरिक विषयों के विशेषज्ञ चार्ल्स पार्टन का कहना है कि अगर पार्टी कांग्रेस में जिनपिंग के भाषण को सीधे शब्दों में बदलकर देखा जाए, तो वह अब चोटी पर पहुंचना चाहते हैं, अमेरिका को शिखर से धकेल देना चाहते हैं और फिर पूरी दुनिया की बिसात ऐसे बिछाना चाहते हैं, जहां सब कुछ चीन के हितों और मूल्यों के हिसाब से चलता हो। जिनपिंग ने एक और बात की है, जो खासकर निवेशकों को चुभ रही है। उन्होंने संकेत दिए हैं कि देश के आर्थिक विकास के मुकाबले सुरक्षा ज्यादा बड़ी प्राथमिकता होगी। यह बात विदेशी और देशी, दोनों ही निवेशकों को चिंता में डाल रही है। हालांकि, चीन की जीडीपी में 3.9 प्रतिशत बड़त की खबर आई है, लेकिन इससे किसी को राहत महसूस नहीं हो रही। उल्टे लोग सवाल पूछ रहे हैं कि अब भी कोरोना जनित लॉकडाउन लगा-लगाकर कैसे आर्थिक विकास पटरी पर लौटेगाड़ शुक्रवार को ही खबर आई कि वुहान में फिर लॉकडाउन लगा दिया गया है। पिछले कई सालों से दुनिया यह मानती थी कि चीन आर्थिक विकास की कीमत पर कोई फैसला नहीं करेगा, लेकिन अब शायद परिस्थिति बदल गई है। अब सुरक्षा, साम्राज्य विस्तार या अपना दबदबा बड़ाने के लिए चीन आर्थिक विकास से भी समझौता करने को तैयार हो रहा है। भारत के लिए यहां दोहरी चुनौती है, क्योंकि चीन के साथ भारत का व्यापार और व्यापार घाटा भी बड़कर चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका है। दूसरी तरफ, सीमा पर भी चीन लगातार परेशानी खड़ी करता रहा है। हम आर्थिक, सामरिक रूप से कितने तैयार हैंड़ दुनिया भर के निवेशक अगर चीन से मुंह मोड़ने लगते हैं, तो फिर उनके स्वागत के लिए हमारी सरकार और हमारे व्यापारी कितने तैयार हैंड़

# सकल जगतारिणी हे छठी मइया

छठ लोकपर्व है। लोकगीत इसका प्राणरस है। सूर्य भी तो इस जगत में प्राण फूंकता है। उगी हे सुरूज देव, भेल भिनसरवा, अरघ केरा बेरवा हो/ बरती पुकारे देव, दुनो करजोरिया, अरघ केरा बेरिया हो... यह सुबह के अर्घ्य के समय का गीत है। इस गीत के जरिये व्रती महिलाएं सूर्य देव से आराधना करती हैं कि आप उगिए। सामूहिक स्वर में जब घाट पर यह गीत गाया जाता है, तो लगता है, कहीं सैकड़ों लोग एक साथ मंत्र का जाप कर रहे हों और सामने से सूर्य देव आ रहे हों। छठ में गाए जाने वाले लोकगीत ही उसके मंत्र और शास्त्र, दोनों हैं। छठ में जितने विधि-विधान होते हैं, उनमें थोड़ा-बहुत बदलाव अलग-अलग इलाके में बेशक आप देख सकते हैं, लेकिन एक बात हर जगह समान रूप से मिलेगी कि कहीं भी, कोई भी छठ का पर्व गीत के बिना करता हुआ नहीं मिलेगा।

मुझे छठ के पारंपरिक गीत बेहद पसंद हैं। खासकर वे गीत, जो व्रती महिलाएं अपने-अपने घाट पर व्रत के दौरान, प्रसाद बनाते वक्त, खरना के दिन सामूहिक स्वर में गाती हैं। इनमें सबके कल्याण की भावना होती है। सकल जगतारिणी हे छठी मइया, सभक शुभकारिणी हे छठी मइया/ जल-थल-वायु-अगिन में अहीं छी, अहीं छी जग के आधार/ सकल जगतारिणी हे छठी मइया, सभक शुभकारिणी हे छठी मइया...।

इधर चलन चला है कि पॉपुलर फिल्मी धुनों पर भी छठ गीत बनने लगे हैं, और यह भी कि जो कुछ सामयिक घट रहा है, उसको भी छठ के गीतों में लाया जाए। व्यक्तिगत तौर पर मैं इसकी पक्षधर नहीं हूं। सामयिक संदर्भों को लोकगीतों में लाने के लिए अनेक विधाएं हैं। फाग के गीत, चैती के गीत, सोरठी धुन पर गीत सब सामयिक विषयों को सामने लाते रहे हैं। सबसे बड़कर तो कजरी की विधा है, जो हमेशा समकालीन विषयों को लेकर आगे बड़ती रही है। इतनी विधाएं हैं, जिनमें कई प्रयोग किए जा सकते हैं।वैसे छठ के गीतों का दायरा सीमित है, इसलिए इसे सीमित ही रहने दिया जाए। सृष्टि और प्रकृति से जुड़े तत्वों का मेल-जोल, सूप-दौरा में रखे जाने वाले सामान का विवरण, नदी-घाट का विवरण, बेटा-बेटी की कामना, अच्छे स्वास्थ्य की कामना, दुख से मुक्ति की कामना, सुख मिलने पर धन्यवाद ज्ञापित करने जैसे शाश्वत तत्वों को लेकर ही गीत गाया जाए। छठ के पारंपरिक गीत में उगी हे सुरूज देव... कांच ही बांस के बहंगिया... गंगा माई के उंच अररिया... सोने के खड़उआं हे दीनानाथ... जैसे गीत मुझे बहुत पसंद हैं। छठ गीतों में कैसा प्रयोग हो, इसके लिए बिहार की मशहूर लोकगायिका विंध्यवासिनी देवी मानक हो सकती हैं। भूपेन हजारिका साहब जैसे संगीतकार के साथ मिलकर उन्होंने जो गाए, वे पारंपरिक छठ गीत की तरह लोकमानस में रच-बस गए हैं।मैं बचपन से ही छठ देखती रही हूं। इसमें बहुत कुछ बदला है, लगातार बदलने की कोशिश जारी भी रहती है। मगर अच्छी बात यह है कि इस पर्व पर बाजार हावी नहीं हो पा रहा। जैसे, छठ में आज भी आपको घर पर में बनाकर खाना होगा। अमीर हो या गरीब, सब नहाय-खाय के दिन लौकी की सब्जी और चावल ही खाते हैं। सब ठेकुआ ही प्रसाद में चड़ाते या बांटते हैं। हालांकि, इधर एक-दो बदलाव ऐसे भी दिखे हैं, जो पीड़ा देते हैं। एक तो यह कि अब छठ घाटों पर भी अमीरी और गरीबी का फर्क दिखने लगा है, और दूसरा यह कि छठ गीतों को भी सामान्य फिल्मी गीत की तरह बनाने की कोशिश हो रही है। हाल के वर्षों में छठ गीतों में अश्लीलता का बड़ना बेहद दुखद है। मेरा मानना है कि छठ गीतों में शालीनता बचाना छठ महोत्सव समितियों के हाथों में है। वे तय कर लें कि जो मूल रूप से छठ के गीत होंगे या मूल गीत के करीब होंगे, या फिर जिन गीतों में छठ का मर्म-भाव व तत्व होगा, उन्हीं गीतों को छठ घाटों पर, गलियों में सार्वजनिक तौर पर बजाया जाएगा, तो निस्संदेह वैसे ही गीत बनने-बजने लगेंगे, जो सदियों से हमारे दिलों के करीब रहे हैं। स्पष्ट है, समाज को अपने तईं प्रयास करना होगा। कुछ गायक तर्क देते हैं कि अश्लील गीतों को 'मिलियन व्यूज' मिल जाते हैं, जबकि उम्दा गीत अपने श्रोताओं को तरसते रहते हैं। इसलिए श्रोताओं को तय करना होगा कि उनको क्या सुनना चाहिए। वे अपने बच्चों या परिवार को क्या सुनाना चाहते हैं। श्रोता यह रोना नहीं रो सकते कि यही गाना चल रहा है। छठ की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए समाज को जागना चाहिए। मुझे भी अश्लील गीत गाने के ऑफर मिलते हैं। न कहने पर यह धमकी भी दी जाती है कि इस जीवन में गायक-कलाकार बनने का ख्वाब छोड़ दो। मगर अच्छी बात यह रही है कि जिन लोगों ने मुझे उस वक्त इस तरह की सलाह दी थी, वही अब मुझसे अच्छे गीतों की मांग करने लगे हैं। पूर्वांचल के सभी युवाओं को छठ पर्व से प्रेरणा लेते हुए अपनी संस्कृति के लिए दृड़ता के साथ खड़ा होना चाहिए। 'पब्लिक डिमांड' के अनुसार गाने के बजाय मैंने पब्लिक की डिमांड बदलने के लिए गाने का प्रयास किया। इसका लाभ यह मिला कि चंद कार्यक्रम ही सही, पर वे यादगार रहे। मान-सम्मान और गरिमा-मर्यादा के साथ।हां, एक सुखद बदलाव यह हुआ है कि अब हर साल अधिक से अधिक पुरुष व्रतियों की संख्या बड़ रही है। हमारे समाज में जिउतिया से लेकर तीज जैसे अनेक पर्व हैं, जिनमें महिलाएं अकेले ही उपवास करती हैं, लेकिन छठ संभवतः इकलौता ऐसा पर्व है, जो पुरुषों में भी कोमल-कल्याण भाव जगा रहा है।छठ का त्योहार निश्चय ही पूरी आस्था के साथ मनाएं, लेकिन श्रोतागण जहां भी छठ गीतों में छेड़छाड़ देखें, तुरंत विरोध करें। मगर इसके साथ अच्छा यह भी होगा कि रचनाकार बेटियों पर केंद्रित अधिक से अधिक छठ गीत लिखें। ऐसा करने से छठ की मर्यादा भी बची रहेगी और उसके दायरे का भी अधिकाधिक विस्तार होगा। विंध्यवासिनी देवी तो गा भी चुकी हैं- पांच पुतर अन धन लछ्मी, लछ्मी मंगबई जरूर/ पियवा के काया मोरा कंचन, बर मंगबई जरूर...

## अभद्र बोल पर वार

अभद्र भाषा या 'हेट स्पीच' के लिए समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को दोषी ठहराए जाने का भारतीय राजनीति में एक व्यापक सांकेतिक महत्व है। इसका एक पहलू राजनीतिक है, तो दूसरा सामाजिक है, जिस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। खैर, आजम खान को तीन साल की कैद के साथ ही, 2,000 रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई गई है। आजम खान ने मुख्यमंत्री व रामपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी के खिलाफ हेट स्पीच या भड़काऊ बयान दिया था और अप्रैल 2019 में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी के एक वरिष्ठ नेता आजम खान इन दिनों उत्तर प्रदेश के रामपुर से विधायक हैं। सजा मिलने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता जा सकती है। अगर ऐसा हुआ, तो यह दूसरे नेताओं के लिए सबक होगा। दूसरी ओर, अगर लोग यह मानेंगे कि राजनीतिक द्वेष की वजह से आजम खान को सजा सुनाई गई है, तो इसका बुरा असर भी हो सकता है। फैसला भले अदालत ने किया है, लेकिन सरकार के लिए यह जरूरी है कि वह किसी भी तरह से राजनीतिक विद्वेष दर्शाती हुई न दिखे। आजम खान मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। जमीन हड़पने के एक मामले में वह महीनों जेल में रहे हैं और इस मामले में उन्हें तत्काल तो जेल नहीं जाना पड़ेगा, वह ऊपरी अदालत में अपील कर सकते हैं। वैसे भी ऐसे मामलों में किसी नेता को सजा देना आसान काम नहीं है। देश में बड़ी संख्या में ऐसे नेता हैं, जिन्होंने भड़काऊ बयान दिए हैं, पर आराम से सभाओं में या लोगों के बीच घूम रहे हैं। घृणा फैलाने वाले बयान व भाषण तो देश में बहुत हैं, लेकिन सजा मिलने के उदाहरण बहुत कम हैं। घृणा की अपनी अलग राजनीति है, सत्ता या सरकार बदलने के साथ ही अपराध के प्रति नजरिया बदल जाता है। विपक्ष में रहते बहुत तीखा बोलने वाले नेता भी सत्ता में आकर अपेक्षाकृत सुधर जाते हैं। कानून की राह भी बहुत उलझी हुई है, अनेक नेता पहले ही अदालतों से राहत या जमानत लेकर बैठे रहते हैं। दरअसल, बहुत हद तक ऐसे मामलों में सरकार की मर्जी भी मायने रखती है। आजम खान की ही बात करें, तो उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। कभी वह उत्तर प्रदेश की सत्ता में बड़े कद्दावर नेता थे। तमाम परेशानियों के बावजूद पिछले चुनाव में उन्होंने साबित किया कि आज भी उनका जमीनी आधार है। अब जरूरी है कि वह अगर खुद को निर्दोष मानते हैं, तो कानूनी लड़ाई पुरजोर तरीके से लड़ें। जहां तक कानून और संविधान की बात है, तो उससे कोई समझौता किसी भी सरकार को नहीं करना चाहिए। कानून में पर्याप्त प्रावधान हैं कि कोई भी भड़काऊ इंसान छुट्टा नहीं घूम सकता, लेकिन आज यह बात किसी से छिपी नहीं कि सभी दलों में ऐसे लोग भरे पड़े हैं, जिनके नफरती बोल देश के बुनियादी लोकतांत्रिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी बात रखने का एक सलीका है, जिसे लोग भूलते जा रहे हैं। यह भी एक पहलू है कि समाज में अपशब्द ही लोगों का ज्यादा ध्यान खींचने लगे हैं। अपशब्द बोलने वालों को सजा मिलने लगेगी,

# वास्तु के अनुसार, इस दिशा में सिर रखने से आती है अच्छी नींद

अपनी रोजमर्रा की जिंदगी से सुकून और आराम की तलाश में हम सभी अपने अपने घरों का रुख करते हैं। ऐसे में घर



यदि वास्तु शास्त्र के अनुसार व्यवस्थित किया जाए तो घर में हमेशा पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। इससे हमारा मन शांत रहता है और नए नए कार्य को करने के लिए प्रेरित होता है। वास्तु घर की सजावट में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इससे घर की सुंदरता और भी बढ़ जाती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर को सजाने से देवता प्रसन्न होते हैं और घर पर किसी तरह का कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। आज हम कुछ आसान से वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं

1. बेडरूम में मेन गेट की तरफ पैर करके नहीं सोना चाहिए। सोते वक्त कभी -भी पूर्व दिशा में सिर और पश्चिम दिशा में पैर करके सोने से मन आध्यात्मिक भावनाओं की वृद्धि होती है।
2. किसी भी व्यक्ति को दक्षिण दिशा की ओर पैर करके नहीं सोना चाहिए। इससे बेचैनी, घबराहट जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है।
3. घर के कमरों में कांटे वाली गुलदस्ते नहीं रखनी चाहिए।
4. घर के उत्तर दिशा में जिसे ईशान कोण भी कहते हैं हल्के वस्तुएं रखनी चाहिए।
5. घर में अग्नि से जुड़ा हुआ कोई भी उपकरण दक्षिण- पूर्व दिशा में रखना चाहिए।
6.घर में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनिक आइटम को का उचित रखरखाव करना चाहिए।
7. घर में यदि पौधे लगे हुए हैं तो उनमें रोजाना पानी देना चाहिए। ताकि पौधा सूखने न पाए।
8. दक्षिण पश्चिम दिशा में ओवरहेड वॉटर टैंक की व्यवस्था करने से काफी शुभ माना जाता है।

# मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित युवा अचीवर्स कार्यक्रम में कृष्णा पटैल ने किया दमोह जिले का नेतृत्व

**मुख्यमंत्री ने कहा सफलता हाथों की लकीरों से नहीं माथे के पसीने से मिलती है।**

### युवा अचीवर्स ने विवेकानंद का चित्र भेंट कर किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

पुष्पांजली टुडे

**दमोह**।युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय युवा अचीवर्स टाऊन हाल कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री आवास भोपाल में किया गया जिसमें प्रदेश भर के युवा अचीवर्स को आमंत्रित किया गया जिन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री से संवाद किया। जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के मार्गदर्शन में युवा समाजसेवी छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह के अध्यक्ष जिनके द्वारा निरंतर सामाजिक, शैक्षणिक,साहित्यिक, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण सहित अनेक क्षेत्रों मेंउत्कृष्ट कार्य करने वाले कृष्णा पटैल दमोह जिले से युवा अचीवर्स के रूप में शामिल हुए और उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी का चित्र मुख्यमंत्री को भेंट कर अभिनंदन किया तो वहीं मुख्यमंत्री ने पुष्पवर्षा कर युवा अचीवर्स
का अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष 160 दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन**-युवाओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि मध्यप्रदेश में कुल 15 लाख, 42 हजार, 550 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव आये हैं। युवा साथियों, मैंने बचपन से स्वामी विवेकानंद जी एवं भगवत गीता को पड़ा है और जितना मैंने सीखा है,उसके आधार पर आपसे कहना चाहता हूं कि इन्हें पड़ना व समझना, ये




आपकी जिंदगी बदल देंगे। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि तुम केवल साड़े 3 हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, तुम ईश्वरके अंश हो, अमृत के पुत्र हो, अनंत शक्तियों के भण्डार हो, अमर आनंद के भागी हो। दुनिया में ऐसा कोई काम नहीं है, जो तुम नहीं कर सकोगे। स्वामी विवेकानंद जी कहते थे कि मुझे ऐसे 100 नौजवान दे दो, जिनकी मांसपेशियांलोहे की हों और स्नायु इस्पात के हों। लक्ष्य तय करें और उसे पूरा करने के लिए जुट जायें, मैं पूरी दुनिया बदल दूंगा। आपके रूप में तो मुझे 400 युवा मिल गये। जो बात मैंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कही थी, यहां भी कह रहा हूं कि सफलता हाथों की लकीरों से नहीं, माथे के पसीने से मिलती है। अपने आंतरिक देवत्व का आव्हान करो। अपना लक्ष्य तय करो और उसको पाने के लिए जुट जाओ।युवा अचीवर्स कृष्णा पटैल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के युवा अचीवर्स को आमंत्रित कर टाउन हॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले युवा साथी शामिल हुए जिन्होंने अपने विचारों को मुख्यमंत्री के समक्ष व्यक्तकरते हुए संवाद किया वही मुख्यमंत्री ने भी युवाओं के विचारों को सुनकर उनके जवाब दिए साथ ही आगामी 20 फरवरी 2023 को घोषित होने वाली राज्य युवा नीति पर भी विचार विमर्श करते हुए विगत 20 वर्षों में मध्य प्रदेश की।विकास गाथा चुनौतियां या अवसर विषय पर भी संवाद किया गया में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँजिन्होंने इतना बेहतरीन आयोजन आयोजित कर जिले के चयनित आदर्श युवाओं को युवा अचीवर्स के रूप में चयनित कर राज्य स्तरीय आयोजन में सहभागी बनानेका अवसर दिया और उनके विचारों को सरकार की नीतियों में शामिल करने का निर्णय लिया। युवा अचीवर्स कृष्णा पटैल को मिली इस उपलब्धि पर दमोह जिले के समस्त समाजसेवियों ने उन्हें शुभकामनायें दी।

## थाना कोतवाली पुलिस का कोचिंग संचालकों व छात्रों से संवाद

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा ने श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री शैलेंद्र सिंह चौहान जी अतरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे जी व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री निशा रेड्डी जी के निर्देशन में हाऊसिंग कॉलोनी में फायरिंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियां को रोकने हेतु कोचिंग संस्थानों में जाकर संचालकों व छात्रों से किया संवादछात्र छात्राओं को अपराधिक गतिविधियां से दूर रहने की दी हिदायत , आपस में सामंजस्य रख कर पढ़ाई पर ध्यान देने की दी नसीहतकोचिंग संचालकों को छात्रों को आईडी कार्ड देने, समय समय पर छात्रों से संवाद करने तथा छात्र छात्राओं के बीच किसी भी तरह के लड़ाई झगड़े की सूचना तत्काल पुलिस को देने की दी समझाइशछात्र छात्राओं को थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने स्वयं का मोबाइल नंबर देकर विश्वाश दिलाया की पुलिस आप की मदद के लिए हमेशा तत्पर है कोई भी परेशानी होने पर तत्काल पुलिस को अवगत करावेडायल 100 सेवा की जानकारी देकर डायल 100 से भी किसी भी समय मदद लेने की दी हिदायतछात्र छात्राओं के सहयोग के लिए तथा असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए हाउसिंग कॉलोनी में पुलिस सहायता केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है ।

## कलचुरी महिला शक्ति सेवा मंडल आदिवासी बस्तियों बनाएगी मकर संक्राति का त्यौहार

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी**-कलचुरी महिला शक्ति सेवा मंडल द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष पर हर वर्ष की भांति महिला मंडल ने आदिवासी बस्ती में जाकर गर्म वस्त्र कंबल चप्पल खिचड़ी लड्डू फल मिठाइयां बांट कर धूमधाम से सांस्कृतिक पर्व मनाया इस अवसर पर महिला जिला अध्यक्ष सीमा शिवहरे द्वारा बच्चों एवं महिलाओं को स्वच्छता का ध्यान रखने और कोरोना से बचाव को लेकर सावधानियां रखने को कहा इस पावन अवसर का लाभ उठाने कलचुरी समाज की सभी बहने उपस्थित थी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा शिवहरे, संरक्षक मीरा चौकसे, महामंत्री साधना शिवहरे, उपाध्यक्ष वंदना शिवहरे, उपाध्यक्ष पुष्पा शिवहरे, उपाध्यक्ष संगीता शिवहरे, सचिव सीमा शिवहरे रजनी शिवहरे, मिथिलेश शिवहरे, पुष्पा शिवहरे भावना शिवहरे प्रियांशी शिवहरे

## नगरपालिका एवं यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ग्वालियर बायपास पर कराया अतिक्रमण मुक्त

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-आज यातायात सप्ताह के तीसरे दिन नगरपालिका एवं यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई ग्वालियर बायपास से लेकर कमला गंज तक की गई इस कार्रवाई में अस्थाई अतिक्रमण जैसे ठेले,स्टॉल, दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखना एवं सड़क पर रेत गिट्टी डालना आदि शामिल था। इस दौरान कमला गंज स्थित लाल पैथोलॉजी को नगर पालिका द्वारा 24 घंटे का नोटिस दिया गया है क्योंकि उनके पास मेडिकल वेस्ट के पर्याप्त दस्तावेज नहीं थे। आज इस कार्रवाई में 6 लोगों पर कार्रवाई की गई। जिसमें नंदू गोयल नाम के व्यक्ति ने जल मंदिर रोड को पूरी तरह बंद कर उस पर गिट्टी और रेत डाल रखी थी जिससे आमजन को काफी परेशानी हो रही थी जिसके चलते उसका ?5000 का जुर्माना किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा ने बताया कि अभी यातायात सप्ताह चलाया जा रहा है जिसमें हमारे द्वारा एक सफाई अभियान चलाया जा



रहा है जिसमें जो ठेले रोड पर खड़े होते हैं उनको समझाया जा रहा है कि इन तीनों को आप सड़क के किनारे फुटपाथ के ऊपर लगाएं जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े और इससे जाम की स्थिति भी कम पैदा होगी और एक्सीडेंट का भी खतरा कम होगा इस मौके पर यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव,योगेश शर्मा स्वच्छता निरीक्षक,सुधीर मिश्रा राजस्व निरीक्षक,गजेंद्र जैन ए आरआई,अब्दुल अकबरकुरेशी,कार्यालय अधीक्षक,अजय धौलपुरिया दरोगा,करण सिंह बाथम दरोगा आदि लोग उपस्थित थे।

**शिवपुरी होगा स्वच्छता में नंबर वन**

## अभियान में सभी नगरवासी सहभागी बने और अपने शहर को स्वच्छ बनाएं

**शिवपुरी**- किसी भी शहर और जिले के विकास में स्वच्छता बहुत ही महत्वपूर्ण मानक है। स्वच्छ वातावरण अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। यदि हमारे आसपास स्वच्छता होगी तो वातावरण और सुंदर होगा। इसी उद्देश्य से स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। अभी अथ युवा फाउंडेशन इस दिशा में काम कर रहा है। प्रदेश के कई जिलों में फाउंडेशन द्वारा लगातार काम किया जा रहा है और अब यह शिवपुरी जिले में भी स्वच्छता की मुहिम चलाएगा।शिवपुरी जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद शिवपुरी के सहयोग से अथ युवा फाउंडेशन 12 जनवरी से 25 जनवरी तक अपना शिवपुरी भी होगा स्वच्छता में नंबर वन अभियान चला रहा है। सभी इस अभियान में सहभागी बने और अपने शहर को स्वच्छ बनाएं क्योंकि किसी भी अभियान की सफलता उस शहर के नागरिकों से है इसलिए सभी स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाएं और अपने आसपास सफाई करें।इस कार्यक्रम के तहत दो प्रमुख आयामों पर काम होगा। पहला शहर के कचरे की सफाई और दूसरा माइंडसेट से संबंधित गतिविधियां



जिसमें सफाई को व्यावहारिकता एवं आचरण में लाने पर जोर दिया जाएगा। इसके तहत स्कूल ,कॉलेज के विद्यार्थियों के नवाचार और सॉफ्ट स्किल्स के माध्यम से जनमानस में जागरूकता की पहल की जायेगी।इसी के संदर्भ में शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शहर के कई क्षेत्रों कोतवाली रोड, सब्जी मंडी,माधव चौक इत्यादि क्षेत्रों का अवलोकन किया तथा लोगों से संपर्क भी किया। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता को एक उत्सव की तरह देखते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया ताकि जिला शिवपुरी स्वच्छता के माध्यम से विकास की नई यात्रा की ओर अग्रसर हो।

## आकाश गुप्ता अक्श वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के जिला मंत्री नियुक्त

पुष्पांजली टुडे



वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता एवं युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री हरिओम गुप्ता जी,प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता जी एंव युवा जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता जी की अनुशंसा से युवा समाजसेवी विमला समिति के अध्यक्ष आकाश गुप्ता को सतना जिले युवा इकाई का जिला मंत्री नियुक्त किया है अपनी नियुक्ति पर आकाश गुप्ता ने कहा कि मुझे जो यह जिम्मेदारी दी गई है मैं अपने वरिष्ठ जनो एंव युवा साथियो को साथ लेकर सबके सहयोग से युवा संगठन को सतना जिला को मजबूत करने का भरसक प्रयास करूंगा। इनकी नियुक्ति पर जिला इकाई,महिला इकाई,युवा इकाई एवं तहसील इकाई के पदाधिकारियों सहित सभी वैश्य बंधुओं ने खुशी व्यक्ति है।

# छत्री जैन मंदिर से चोरी गयी भगवान की मूर्तियों को शिवपुरी पुलिस ने किया 48 घंटे के भीतर बरामद कर पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जैन समाज ने दिया एसएसपी शिवपुरी ओर शिवपुरी कलेक्टर का आभार**

अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**-शिवपुरी की तडके सुबह शिवपुरी वरि0 पुलिस अधीक्षक श्री राजेश सिंह चंदेल को सूचना मिली कि गुरुद्वारा चौराहा स्थित देहात थाना के क्षेत्रांतर्गत जैन मंदिर में चोरी हो गई है । घटना पर से तत्काल वरि0 पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने शहर के तीनों थाना प्रभारी एवं एसडीओपी शिवपुरी को मौके पर तलब कर स्वयं पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल पर पहुचकर सूक्ष्मता से मौका मुआयना किया एवं घटना की सूचना से अति. पुलिस महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर झोन ग्वालियर श्री डी श्रीनिवास वर्मा को अवगत कराया, अति. पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी एवं आरोपियों की पतारशी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये एवं क्राइम ब्रांच ग्वालियर को भी उक्त आरोपियों की पतारशी हेतु निर्देशित किया । मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को घटना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये और मामले के शीघ्र खुलासे के आदेसित किया । वरि0 पुलिस अधीक्षक महोदय के मिले निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव ने अपनी टीम के अधिकारी टीआई कोतवाली अमित भदौरिया , देहात टीआई विकाष यादव, एवं थाना प्रभारी फिजीकल कृपाल सिंह राठौर एवं एडी टीम एवं सायवर एवं उक्त थानों के अधिकरियो एवं कर्मचारियों की टीम के साथ मिलकर अज्ञात चोरों की तलाश प्रारंभ की पूरी पुलिस ने एक अच्छी टीम भावना से कार्य करते हुये सीसीटीव्ही कैमरों एवं सायवर की मदद से एवं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूरी पुलिस टीम ने घटना स्थल जैन मंदिर एवं कमलागंज क्षेत्र के लगभग 250 मकानों का गोपनीय सर्वे किया इसी आधार पर शीघ्र यह पता लगा लिया कि घटना में स्थानीय युवकों के साथ-साथ दीगर जिले के भी कुछ बदमाश शामिल है इस क्लू पर काम करते हुये थाना देहात के अपराध क्रमांक 07/23 धारा 457,380 भादवि के अज्ञात आरोपियों को खुलासा करते हुये घटना में शामिल सात युवकों में से पांच को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई प्रतिमायें भी बरामद कर ली है । पूरे घटना क्रम में थाना कोतवाली के प्रआर. 142 नरेष यादव, प्रआर 504 उदल सिंह, आर. 206 भूपेन्द्र यादव, आर. 767 अजीत राजावत, आर.चा. रामजी पाराषर , आर. चा. गुरमीत सिंह एवं थाना देहात के उनि रामनिवास षर्मा , उनि सावित्री लकडा, प्रआर. विनय, अजय शर्मा आर0 दिनेष ,आर. सुनील भार्गव, आर. शरद यादव, आर. गजेन्द्र तथा थाना फिजीकल के सउनि प्रवीण त्रिवेदी , प्रआर0 उदय सिंह , प्रआर0 अंजीत तिवारी ,आर.पुश्पेन्द्र रावत, आर. भोला सिंह राजावत , आर. कुलदीप सिंह एवं थाना करैरा के टीआई सतीष सिंह चौहान एवं महिला प्रआर. प्रभावती , प्रआर. अभयराज सिंह , आर. सोनू पाण्डेय, आर. देवेष तोमर एवं आर. सतेन्द्र सिकरवार एवं कंट्रोल रूम प्रभारी उनि. ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत, आर. नंदकिशोर राठौर एवं सायवर सेल के प्रआर. देवेन्द्र सेन ,प्रआर. विकास चौहान, आर. जलज रावत ,धर्मेन्द्र परमार की भूमिका महत्वपूर्ण एवं सराहनीय रही है एवं श्री रोहित मिश्रा थाना प्रभारी रहली जिला सागर एवं उनके स्टाफ की भी सराहनीय भूमिका रही है। वरि0 पुलिस अधीक्षक श्री राजेष सिंह चंदेल ने उक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को दस हजार रूपये नगद इनाम की घोशणा की है।

[6¬40 क्क़ 1/13/2023] +91 98936 18025¬शिवपुरी होगा स्वच्छता में नंबर वन अभियान में सभी नगरवासी सहभागी बने और अपने शहर को स्वच्छ बनाएं शिवपुरी- किसी भी शहर और जिले के विकास में स्वच्छता बहुत ही महत्वपूर्ण मानक है। स्वच्छ वातावरण अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। यदि हमारे आसपास



स्वच्छता होगी तो वातावरण और सुंदर होगा। इसी उद्देश्य से स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। अभी अथ युवा फाउंडेशन इस दिशा में काम कर रहा है। प्रदेश के कई जिलों में फाउंडेशन द्वारा लगातार काम किया जा रहा है और अब यह शिवपुरी जिले में भी स्वच्छता की मुहिम चलाएगा।शिवपुरी जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद शिवपुरी के सहयोग से अथ युवा फाउंडेशन 12 जनवरी से 25 जनवरी तक अपना शिवपुरी भी होगा स्वच्छता में नंबर वन अभियान चला रहा है। सभी इस अभियान में सहभागी बने और अपने शहर को स्वच्छ बनाएं क्योंकि किसी भी अभियान की सफलता उस शहर के नागरिकों से है इसलिए सभी स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाएं और अपने आसपास सफाई करें।इस कार्यक्रम के तहत दो प्रमुख आयामों पर काम होगा। पहला शहर के कचरे की सफाई और दूसरा माइंडसेट से संबंधित गतिविधियां जिसमें सफाई को व्यावहारिकता एवं आचरण में लाने पर जोर दिया जाएगा। इसके तहत स्कूल ,कॉलेज के विद्यार्थियों के नवाचार और सॉफ्ट स्किल्स के माध्यम से जनमानस में जागरूकता की पहल की जायेगी।इसी के संदर्भ में शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शहर के कई क्षेत्रों कोतवाली रोड, सब्जी मंडी,माधव चौक इत्यादि क्षेत्रों का अवलोकन किया तथा लोगों से संपर्क भी किया। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता को एक उत्सव की तरह देखते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया ताकि जिला शिवपुरी स्वच्छता के माध्यम से विकास की नई यात्रा की ओर अग्रसर हो।

## मालनपुर थाना पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान




पुष्पांजली टूडे
मालनपुर संवाददाता

पुलिस अधीक्षक भिंड शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिपुलिसअधीक्षक कमलेश कुमार खरपूशे गोहद एसडीओपी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मालनपुर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव ने हेलमेट लगाओ चेकिंग अभियान चलाया जिसमें लोगों को समझाइश दी की हेलमेट लगाकर नहीं चलोगे तो ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा एवं 14 चालान काटे जिसमें वसूल की गई राशि 3550 रुपए वसूले जानकारी देते हुए बता दें कि थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव ने आज ही प्रभार संभालते हुए एक्शन मोड पर नजर आए गुण्डो बदमाशों की तलाश जारी कर दी और कहा की किसी को बक्शा नही जाएगा

## आनंद उत्सव साईकल यात्रा 2023 का भव्य शुभारम्भ

### अपर कलेक्टर ने हरी झंड़ी दिखाकर किया यात्रा को रवाना

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 13 से 20 जनवरी 2023 तक आनंद उत्सव एवं आनंद विभाग के कार्यक्रमों के विस्तार हेतु आनंद उत्सव साइकल यात्रा का आयोजन निर्धारित है, इस यात्रा का शुभारम्भ अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम, जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग पराग जैन, जिला समन्वयक आनंद विभाग एवं जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग संजय सिह जन अभियान परिषद जिला समन्वयक शिवप्रताप भदोरिया खेल विभाग से रामबाबू कुशवाहा, समाजसेवी सुनील दुबे, ने हरी झंड़ी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा कलेक्टर कार्यालय से प्रारम्भ होकर ग्राम पंचायत खादर गऊघाट के लिए रवाना हुई जहां पहुंचकर ग्रामीणों से आनंद विभाग की गतिविधियों के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी जिला समन्वयक संजय सिंह एवं राज्य आंनद संस्थान के मास्टर ट्रेनर प्रशांत भदौरिया द्वारा दी गई जिसमें भदौरिया ने बुजुर्गो एवं महिलाओं को आनंद उत्सव में बड़-चड़कर हिस्सेदारी करने की अपील भी की।कार्यक्रम में संरपंच प्रतिनिधि,ग्राम सचिव श्रीमती अनुराधा शर्मा,ग्राम रोजगार सहायक की उपस्थिति में मध्यप्रदेश राज्यस्तर रासेयो पुरस्कार विजेता श्री राहुल राजपूत आनंदकों के ऑनलाइन पंजीकरण करवाये एंव ऑनलाइन अल्पविराम से जुडने के लिए आवश्यक जानकारी भी दी।इस अवसर पर समाजसेवी सुनील कौशल योगा,अंकित दुबें,राहुल यादव,आनंद उत्सव साइकल यात्रा में शामिल युवाओं सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।




## आपसी भाईचारे के लिए धार्मिक आयोजन जरूरी : संत कृष्ण व्यास

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड । मेंहगांव** क्षेत्र के ग्राम चिटावली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा मैं संत पूज्य श्री आकाश कृष्ण व्यास जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा के छठवें दिन श्रोताओं ने भागवत कथा का श्रोताओं ने आनंद लिया । इस मौके पर जिला कांग्रेस




कमेटी जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने उपस्थित होकर संत श्री कृष्ण व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे के साथ-साथ एकजुट होने



का संदेश देते हैं यह हम सबका सौभाग्य है कि हम सबको धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से संतों की वाणी के द्वारा भगवान मिलन की अनुभूति प्रदान होती है।भगवत कथा में हजारों की संख्या में भक्तजनो ने भी कथा का आनन्द लिया।

## अखंड ज्योत पदयात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

पुष्पाजंली टुडे

**मध्यप्रदेशन्सिघाना** ( निज प्रतिनिधि )सिर्वी समाज रेलवा (बड़वानी) द्वारा अखंड ज्योत पदयात्रा तीर्थ क्षेत्र श्री नारलाईधाम से रेलवा (बडवानी )जाते हुए नगर सिंघाना में अखंड ज्योत पद यात्रियों का आगमन हुआ यहां अखंडज्योत पद यात्रियों का मां हरसिद्धि रेस्टोरेंट्स पर पदयात्रा में सम्मिलित कपिल परिहार , दिनेश राठौर , जगदीश काग, गणेश पवार, आदि अखंड ज्योत पद यात्रियों का सिर्वी समाज सिंघाना द्वारा भव्य ढोल बाजे के साथ जगह जगह स्वागत सत्कार कर अल्पाहार कराया इस पदयात्रा में 43 पदयात्री सम्मिलित हुए यह पद यात्रा आगामी 15 जनवरी अपने ग्रह ग्राम रेलवा (बड़वानी) पहुंचेंगे जो आगामी 2023 फरवरी माह में ग्राम रेलवा में नवनिर्मित श्री आई माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अखंड ज्योत की स्थापना होगी इस पदयात्रा का नगर सिंघाना में बस स्टैंड सिर्वी समाज के वरिष्ठ नारायण सिदडा के निवास पर पुत्र दिनेश सिदडा सहपत्नी द्वारा अखंड ज्योत एवं आई माता जी के चित्र पर पूजा अर्चना पदयात्रा का स्वागत किया इस अवसर पर सिर्वी समाज के वरिष्ठ भगवान बोमाडीया , भगवान बर्फा , नवयुवक मंडल अध्यक्ष कमल बर्फा , पूनमचंद चौधरी, पूनमचंद जमादारी, प्रदेश प्रतिनिधि अशोक राठौड , रमेश भायल तहसील अध्यक्ष संदीप सेप्टा गोपाल बर्फा , मोहनलाल बर्फा ( मुनीमजी) ,प्रदीप राठौर , मनोहर परमार , रमेश दीपा , संजय (गणेश ), गौरव मुकाती , तहसील मीडिया प्रभारी विजय राठौर आदि अखंड ज्योत पदयात्रा में सम्मिलित होकर स्वागत सत्कार सत्कार किया साथ ही जाजमखेड़ी , कुराड़ाखाल , बोरूद आदि ग्रामों का भी समाज बंधुओं द्वारा ढोल बाजे के साथ पुष्प वर्षा कर अखंड ज्योत यात्रियों का स्वागत सत्कार किया ये जानकारी मनावर तहसील मीडिया प्रभारी विजय राठौर द्वारा दी गई.।



## अर्थशास्त्र विषय में हुआ विषय विशेषज्ञ व्याख्यान एवं सेमिनार

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह



**सिरोंज।** शुक्रवार को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित ÷राष्ट्रीय आय की संरचना एवं प्रवृत्ति ÷ पर विशेष व्याख्यान (सेमिनार ) विषय विशेषज्ञ डॉ. रेखा जांशल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र - शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय गंज बासौदा के सहयोग से आयोजित किया गया इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत एवं स्टाफ उपस्थित रहा

## करणी सेना के द्वारा की गई अनर्गल टिप्पणी को लेकर ओबीसी महासभा एवं धाकड़ महासभा के द्वारा दिया गया ज्ञापन

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज** -ओबीसी महासभा एवं धाकड़ क्षत्रिय महासभा द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के अनुपस्थिति में राज्यपाल के नाम बाबू को ज्ञापन दिया गया जिसमें ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया गया किहाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में करणी सेना के कुछ कथित लोगों के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर व्यक्तिगत रूप से अमर्यादित टिप्पणी की गई है एवं मां बहन की गंदी गंदी गालियां दी गई हैं वही ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का पद एक संवैधानिक पद है हम भी विभिन्न मुद्दों को लेकर विधायक सांसद एवं मुख्यमंत्री का घेराव करते हैं लेकिन इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग करना किसी भी परिस्थिति में ठीक नहीं है इसको लेकर पूरे मध्यप्रदेश के पिछड़ा वर्ग समाज में रोष व्याप्त है वहीं उन्होंने चेतावनी दी 3 दिन के अंदर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी इस दौरान ओबीसी महासभा प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव ,प्रदेश महासचिव नारायण सिंह प्रजापति ,संभाग अध्यक्ष सुनील यादव ,विदिशा जिला अध्यक्ष रघुवीर प्रजापति, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाह, युवा जिला अध्यक्ष बलवीर यादव, जिला सचिव जीवन कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष केपी यादव ,ब्रजमोहन धाकड़, विक्रम धाकड़ ,जगदीश धाकड़ जितेंद्र यादव, आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे




## एकादशी के नागेश ने महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित

पुष्पाजंली टुडे



**बेंगलुरू** -विवेकानंद अंतर्राष्टीय प्रकृति योगा अकादमी द्वारा राजाजी नगर स्थित बीएम योगा भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करके अपने संबोधन में स्वामी जी के उस संदेश को याद किया कि कर्म पथ पर बढ़ते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।इस अवसर पर अकादमी के नागेश ने महेंद्र मुणोत को माला व शॉल द्वारा सम्मानित किया ।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने भाग लिया ।

### वृद्धजनों कि उम्मीद बनकर आये पंचायत सरपंच प्रतिनिधि

## ग्राम समन्ना सरपंच प्रतिनिधि उठा रहे है,घायल वृद्धों कि जिम्मेदारी

ब्यूरो रिपोर्ट रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** कहते है जिसका कोई नहीं उसका ऊपर वाला होता है जी हाँ हम बात कर रहे एक ऐसे दंपत्ति कि जिसकी ना तो कोई संतान है,और ना ही उनकी कोई देखभाल करने वाला। मामला ग्राम पंचायत समन्ना का है जहाँ देखने को मिला ग्राम में निवास करने वाले एक बुजुर्ग दंपत्ति का सहारा वहां के सरपंच प्रतिनिधि ने उनके घर जाकर किया।समन्ना ग्राम में रहने वाले बिहारी रैकवार जो अपनी वृद्ध पत्नी के साथ ग्राम पंचायत में निवास करते हैं,जिनका कुछ दिन पूर्व समन्ना रेलवे लाइन क्रॉसिंग पर रेलवे द्वारा बनाये गये अंडर ब्रिज में पानी भरे होने के कारण उनके साथ एक दुःखत घटना हो गयी थीं। जानकारी के अनुसार बिहारी अपनी साईकिल से जा रहे थे तभी वहां डली गिट्टी पर फिसल कर गिर जाने से उनका एक पैर एवं कंधे के यहां फैक्चर हो गया।जिसका उन्होंने शहर कि हॉस्पिटल में इलाज तो करवाया, लेकिन जिस इलाज कि उन्हें जरुरत थीं उसके लिए उनके पास उतने पैसे नहीं है इस दौरान समन्ना सरपंच प्रतिनिधि निखिल सोनू ठाकुर ने बुजुर्ग दंपत्ति को आश्वासन दिया,कि जल्द ही उनके इलाज कि व्यवस्था जनप्रतिनिधियों एवं सरकार कि योजनाओं के माध्यम से करायी जाएंगी। ग्राम में बिहारी रैकवार अपनी धर्मपत्नी के साथ अपना जीवन व्यतीत करते है एवं उनकी कोई संतान नहीं है उसके बाद भी यह दंपत्ति मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे है लेकिन इस बड़ी घटना हो जाने के बाद अब बिहारी चलने फिरने में असमर्थ है जिससे घर चलाने में परिवार को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है इस बात कि जानकारी जैसे ही सरपंच प्रतिनिधि सोनू ठाकुर को पता चली उन्होंने तत्काल ही इन दंपत्तियों के लिए राशन कि व्यवस्था करायी जिसमें खाने पीने कि सामग्री को बुजुर्ग दंपत्ति को देकर उन्हें आश्श्वत कराया कि जितनी मदद हम सभी से बन सकेगी उसे हल कराया जाएंगा और जहाँ भी जरुरत आप दोनों को पड़ेगी आप हमें बताना उसको हल कराने का प्रयास हमारे द्वारा किया जायेगा।इसके बाद सरपंच ने बुजुर्ग दम्पन्ति को मकर संक्रांति कि शुभकामनायें दी एवं भगवान जागेश्वर नाथ से उनके स्वास्थ्य होने कि कामना की।इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सोनू ठाकुर के साथ उनके सहयोगियों का साथ भी योगदान रहा।



## लायंस क्लब ने स्वेटर एवं कंबल वितरित किये

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जोंस के जन्मदिन पर जनजाति बाहुल्य ग्राम नोनपानी के माध्यमिक स्कूल में आयोजित स्वेटर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम लायंस क्लब द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रकाश कुमार उइके न्यायाधीश महोदय के उद्बोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास में एक दूसरे की मदद एवं नशा मुक्ति बुराई हेतु परिजनों को समझाइश देने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक दुबे एवं उनकी टीम, ग्राम सचिव नेपाल सिंह, राजेश चौबे, शाला प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र चौरसिया, राकेश तिवारी, श्रीमती शरद चौरसिया, प्रेम सिंह का सहयोग रहा। ठंड से बचाव हेतु विद्यार्थियों को स्वेटर एवं ग्राम के वृद्धजनों को सम्मान सहित माल्यार्पण कर कंबल का वितरण किया गया। सामग्री सहयोग में पी के उइके एवं जेपी असाटी का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा लायंस क्लब के नरेंद्र बजाज, सुशील गुप्ता, राकेश अग्रवाल, सुधीर असाटी, संजीत राय, सतीश बोहरे, लक्ष्मी अग्रवाल, अभिषेक गोयल, कीर्ति असाटी, कविता बजाज एवं सुनीता गुप्ता की उपस्थिति रहीं। लायंस क्लब दमोह के अध्यक्ष लायन निशांत चौरसिया एवं सचिव राजू बुधवानी ने आभार प्रकट किया।



## नारायणपुर में मनमानी से बनाए जा रहे नाईपिड (कचरा घर), 4 इंच की दीवाल बनाकर की जा रही औपचारिकता

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह

**सिरोंज** ।प्रदेश की मुखिया जहां एक और स्वर्णिम मध्यप्रदेश का सपना संजो कर बैठे हैं वहीं दूसरी ओर स्थानीय अधिकारी कर्मचारी शासन की योजना को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं , सीधे शब्दों में यदि बात करें तो शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं सिर्फ कागज में ही संचालित हो रही है हकीकत में आज भी योजनाओं की औपचारिकता कर खत्म कर दी जाती है जनपद पंचायत सिरोंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कचनारिया के ग्राम नारायणपुर मैं बनाए जा रहे हैं नाईपिड (कचरा घरों) की हालात देख कर ऐसा लगता है कि सिर्फ कागजी पूर्ति करने के उद्देश्य कचरा घरों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें एक कचरा घर तो नदी के बिल्कुल पास बनाया गया है जबकि ग्रामीण बताते हैं कि यह नदी के पहले बहाव में ही बह जाएगा 7

### इस तरह हुआ है निर्माण

निर्माण कार्य को जब देखा गया तब पता चला कि एक दीवार 9 इंच की तीन दिवाले 4 इंच की बनाई गई हैं जमीन के नीचे किसी भी प्रकार की कोई भी नेव नहीं भरी गई है वही ग्रामीण बताते हैं कि सीमेंट भी इसमें नाम मात्र की डाली गई है जानकारी के अनुसार इनके अनुमानित लागत ड़14000 हे , क्या इस प्रकार के निर्माण से बने हुए कचरा घर लंबे समय तक चल पाएंगे या फिर शासन के द्वारा बनवाए जा रहा है कचरा घरों का इस प्रकार पलीता लगाया जाता रहेगा

**गोल्डर चेक डैम में भी औपचारिकता** - वही नारायणपुर में स्थित वन विभाग की भूमि पर गोल्डर चेक डैम बनाए जा रहे हैं जिनकी लागत लगभग 40,000 है लेकिन जब इन डेमो को देखा गया तब पता चला कि यहां भी सिर्फ औपचारिकता करके डैम की प्रतिपूर्ति कर दी गई है , वही बारिश के पहले गोल्डर भी इधर-उधर बिखरे पड़े हैं क्या ऐसे हालातों में सरकार के उद्देश्य पूरे हो पा रहे हैं ऐसे अनेकों प्रश्न नारायणपुर में चल रहे निर्माण कार्य को देख कर जन्म लेते हैं लेकिन क्या कार्रवाई होगी यह कोई तय नहीं है7




**अधिकारिक कार्यशैली प्रश्न अंकित**-इस प्रकार के निर्माण कार्यों को देख कर ऐसा लगता है कि उपरोक्त निर्माण कार्यों को देख कर अधिकारियों ने अपनी आंखें बंद कर ली हो या फिर जानबूझकर इस प्रकार के कार्यों को अंजाम दिया जा रहा हो इसी पूरे विषय को जानने के लिए संबंधित इंजीनियर से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया

**पात्र हितग्राही आवास योजना से भी वंचित** – वही ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में अनेक लोग ऐसे हैं जो अत्यंत गरीब निर्धन है लेकिन अभी तक उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिला है कई बार हमारे द्वारा सरपंच सचिवों को उपरोक्त समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन उनके द्वारा सिर्फ हमें आश्वासन दिया जाता है

### इनका है कहना

हमारे गांव में अधिकांश योजनाओं को पलीता लगाने का काम स्थानीय अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है यह जो कचरा घर बनाए गए हैं यह किसी भी काम के नहीं हैं एवं जब हम पंचायत के विकास को लेकर चर्चा करते हैं तो सरपंच के द्वारा हमें हरिजन एक्ट में फंसाने की धमकी भी दी जाती है - अरविंद यादव ग्रामीण नारायणपुर

हमारे गांव में ग्राम पंचायत के द्वारा कोई भी बैठक या ग्रामसभा नहीं होती ना ही मुझे किसी योजना के बारे में कुछ बताया जाता मुझे इस संबंध में कोई भी जानकारी नहीं है - रामबाबू यादव उपसरपंच कचनारिया

मैं आज स्वयं नारायणपुर गई थी वहां मैंने नाईपिड (कचरा घर ) के निर्माण कार्य को देखा मैं इंजीनियर से बात करके दिखवाती हूं - **जनपद सीईओ वंदना शर्मा**

# सिद्धार्थ शुक्ला की पुण्यतिथि पर देवोलीना भट्टाचार्जी ने किया याद, बोलीं- सोचकर हंसती हूं कि कैसे फ्लर्ट करते थे






सिद्धार्थ शुक्ला को इस दुनिया से गए एक साल पूरा हो चुका है। उनके चाहनेवालों को आज भी यकीन नहीं होता कि वह इस दुनिया में नहीं हैं। सोशल मीडिया पर सिद्धार्थ के फैन्स अक्सर उन्हें याद करते रहते हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी बिग बॉस 13 के घर में 2019 में सिद्धार्थ के साथ वक्त गुजार चुकी हैं। शो में दोनों के बीच उतार-चढ़ाव देखे गए थे। सिद्धार्थ उनके करीबियों में से एक थे। सिद्धार्थ की डेथ ऐनीवर्सरी पर देवोलीना ने उनको याद किया है।

सिद्धार्थ शुक्ला हमारे बीच नहीं हैं। बीते साल आज (2 सितंबर) ही के दिन जब यह दुखद खबर आई तो किसी को यकीन नहीं हुआ था। उनकी दोस्त देवोलीना ने हमारे सहयोगी हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में बताया, ऐसा लगता है कल की ही बात है। जब भी यह बात मेंरे दिमाग में आती है कि वह हमारे बीच नहीं हैं तो मुझे बहुत दुख होता है।

देवोलीना ने सिद्धार्थ को याद करते हुए कहा, वह जेंटलमैन थे। शो में हमारे झगड़े हुए लेकिन दोस्ती रही। शो के बाहर हम बहुत अच्छे दोस्त थे। मैं कभी-कभी सोचकर हंसती हूं कि कैसे वह मेरी टांग खींचते थे, मेरे साथ फ्लर्ट करते थे, घर में मेरे लिए गाना गाते थे। जब मैं शो में घायल हुई तो उन्होंने मेरी देखभाल की थी। सिद्धार्थ के फैन्स ने उनकी विरासत को अभी भी जिंदा रखा है, इस पर देवोलीना बोलती हैं, मुझे लगता है कि यही असली सफलता है। इस तरह की सफलता हर किसी को नहीं मिलती। उम्मीद करती हूं सिद्धार्थ जहां भी हैं, सुकून में होंगे।


# अक्षय की फिल्म को मिले मिक्स रिएक्शन, कोई बोला- शानदार, तो किसी ने बताया बकवास



अक्षय कुमार की फिल्म कठपुतली डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। ट्रेलर देखने के बाद फैंस इस फिल्म को देखने के लिए एक्साइटेड थे। अब फिल्म देखने के बाद यूजर्स ट्विटर पर फिल्म को लेकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। अब तक जो रिस्पॉन्स आ रहा है उसमे फिल्म को मिक्स रिव्यू मिल रहे हैं। कुछ फिल्म की तारीफ कर रहे हैं तो कुछ को यह खास नहीं लगी। तो अगर आप भी फिल्म देखने का प्लान बना रहे हैं तो पहले देख लें ट्विटर रिव्यू।

फिल्म के बारे में बता दें कि इसकी कहानी एक छोटे शहर के पुलिस वाले की है जो कसौली के एक सीरियल किलर को ढूंढ रहा है। ये सीरियल किलर लड़कियों को मारता है। फिल्म में अक्षय अर्जन सेठी नाम के पुलिस वाले का किरदार निभा रहे हैं। अर्जुन ने प्रण लिया है कि वह कसौली को इस सीरियल किलर से बचाएंगे। लेकिन ये केस उसके लिए मुश्किल बनता जा रहा है।

# शहनाज संग सिद्धार्थ शुक्ला का आखिरी डांस वीडियो, एक्ट्रेस बोली थी मैं भी दीवानी हो जाऊं



बीते साल सितंबर 2021 में कार्डियक अरेस्ट के चलते सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हो गया था। सिद्धार्थ के यूं अचानक गुजर जाने का किसी को भी यकीन नहीं हुआ था। सिद्धार्थ को आज भी फैन्स याद करते हैं और अक्सर उनसे जुड़े हैशटैग सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की जोड़ी दर्शकों को काफी पसंद थी और प्यार से इन्हें सब सिडनाज कहते हैं। सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल का आखिरी डांस वीडियो सोशल मीडिया पर फैन्स शेयर कर रहे हैं, और दिवंगत अभिनेता को याद कर रहे हैं।

बता दें कि सिद्धार्थ शुक्ला आखिरी बार वेब सीरीजब्रोकन बट ब्यूटीफुल में नजर आए थे और इस सीरीज के प्रमोशन के दौरान ही शहनाज गिल के साथ वो डांस दीवाने सीजन शो पर पहुंचे थे। शो में शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला ने खूब मस्ती की थी। वीडियो को शहनाज गिल ने 18 अगस्त 2021 को शेयर किया था और साथ में कैप्शन लिखा था, क्यों न सब दीवानों के साथ थोड़ी मैं बी दीवानी हो जाऊं।

### कपिल शर्मा फैन्स के लिए ला रहे मेगा ब्लॉकबस्टर

# रश्मिका मंदाना और तृषा कृष्णन संग बनी जोड़ी, फैन्स हुए कंफ्यूज








इन दिनों कॉमेडियन व एक्टर कपिल शर्माअलग अलग वजहों को लेकर खबरों में बने हुए हैं। एक ओर जहां वो जल्दी ही द कपिल शर्मा शो के साथ कमबैक करने को तैयार हैं तो दूसरी ओर कृष्णा अभिषेक संग उनके विवाद की अफवाह भी चर्चा में रही और इस बीच कपिल ने फैन्स को बड़ा सरप्राइज दिया है। कपिल ने मेगा ब्लॉकबस्टरका ऐलान किया है, जिस में वो रश्मिका मंदाना , कार्थी तृषा कृष्णन रोहित शर्मा के साथ नजर आएंगे।दरअसल सोशल मीडिया पर कपिल शर्मा, रश्मिका मंदाना, तृषा कृष्णन, रोहित शर्मा और कार्थी ने सोशल मीडिया पोस्ट किया है और मेगा ब्लॉकबस्टरसे अपना लुक रिवील किया है। कपिल शर्मा ने मेगा ब्लॉकबस्टर का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये वाली मेरे फैन्स के लिए... उम्मीद है आपको पसंद आए। इसके साथ ही हैशटैग में बताया गया है कि फिल्म का ट्रेलर 4 सितंबर को रिलीज होगा।

# सलमान खान के शो में हिस्सा लेंगी नुसरत जहां विवादित रही हैं निजी जिंदगी



'बिग बॉस 16' (क्ष्ठ्ठद्दद्द क्ष्भ्ह्ययह्य 16) को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। सलमान खान का यह शो अगले महीने से शुरू होगा। शो में कौन-कौन से कंटेस्टेंट हिस्सा लेंगे इसकी चर्चा जोरों पर है। फैजल शेख, ट्विंकल कपूर, शिविन नारंग, विवियन डीसेना, मुनव्वर फारूकी के शो में हिस्सा लेने की खबरें हैं। इस बीच लेटेस्ट रिपोर्ट है कि बंगाली अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां शो में हिस्सा ले सकती हैं। 'बिग बॉस' के मेकर्स ने नुसरत को शो के लिए अप्रोच किया है।

**क्या शो में लेंगी हिस्सा**–मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नुसरत अभी इस शो में हिस्सा लेने पर विचार कर रही हैं। मेकर्स और नुसरत ने चुप्पी साधी हुई है। आधिकारिक रूप से इस बारे में कोई जानकारी नहीं आई है। 'बिग बॉस 16' टीवी के विवादित शोज में से है। नुसरत अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अगर वो हिस्सा लेती हैं तो शो काफी रोचक होगा।

निजी जिंदगी को लेकर विवादों में रहीं-बंगाली ब्यूटी नुसरत जहां ने बिजनेसमैन निखिल जैन से तुर्की में शादी की थी। शादी की हर एक रस्म भव्य तरीके से हुई थी। बाद में वो अलग हो गए। नुसरत ने यह कहते हुए चौंकाया था कि उनकी शादी तुर्की में हुई थी तो यह कानूनी रूप से मान्य नहीं है। वो लिव इन रिलेशनशिप में थे। निखिल से अलग होने के बाद नुसरत बंगाली एक्टर यश दासगुप्ता के साथ रिश्ते में हैं। पिछले साल उन्होंने पहले बच्चे को जन्म दिया। उनके बेटे के नाम यिशान है।

**कब से होगा शो का प्रीमियर**–'बिग बॉस 16' का प्रीमियर 8 अक्टूबर से हो सकता है। शो को इस सीजन भी सलमान खान ही होस्ट करेंगे। बताया जा रहा है कि सलमान ने अपनी फीस भी बढ़ाई है।

# अंबानी परिवार के गणेश विसर्जन में जमकर थिरके रणवीर सिंह, साथ में दीपिका पादुकोण भी आईं नजर



गणेशोत्सव के दौरान कई सेलिब्रिटीज के घर से तस्वीरें और वीडियोज सामने आए हैं। उनके घर गणपति बप्पा की मूर्ति की स्थापना की गई। गुरुवार की शाम को मुकेश अंबानी और उनके परिवार ने गणेश विसर्जन किया। इस दौरान दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह भी मौजूद रहे। दोनों कलाकार अंबानी के बेटों के साथ फूलों से सजे ट्रक पर बैठे दिखे। जहां रणवीर संगीत की धुन पर थिरके और वहीं दीपिका एक बेंच पर बैठी नजर आईं। कार्यक्रम से दीपिका और रणवीर का एक वीडियो वायरल हुआ है।

व




### संजय कपूर ने दिया था महीप को धोखा

# बोली सब उतना अच्छा नहीं होता जितना लोग समझते हैं

का नया सीजन 2 सितंबर को ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीम हो रहा है। शो के नए सीजन को लेकर फैंस काफी उत्साहित है। शो में पहले की तुलना में इस बार ज्यादा ड्रामा , फाइट और शॉकिंग खुलासे देखने को मिलेंगे। महीप कपूर ने शो में अपने निजी जीवन से जु? कई खुलासे किए हैं।

इंडिया टुडे को दिए एक इंटरव्यू में महीप कपूर ने अपने निजी जीवन से जु? कई पहलुओं पर बात की। महीप कपूर ने बताया कि पति संजय कपूर ने उन्हें 25 सालों की शादी के दौरान धोखा दिया है। महीप और संजय कपूर कि शादी साल 1997 में हुई, उनके दो बच्चे शनाया और जहान कपूर है। इंटरव्यू के दौरन महीप कपूर ने बताया कि शो के दौरान अपने निजी जीवन के बारे में बात करना कठिन नहीं था। हम ने लोगों को सच दिखाने का प्रयास किया। हमारी जिंदगी में सब कुछ उतना अच्छा नहीं होता जैसा लोग समझते हैं। उतार-च?ाव हम सभी की जिंदगी का एक हिस्सा है। शो में आप देखेंगे की हम सभी की जिंदगी में कितने इश्यू हैं।




# ऐश्वर्या राय नहीं ये हैं उनकी हमशक्ल यूजर्स बोले- 'सलमान से मिलवाओ'

कई सेलिब्रिटीज के हमशक्ल हैं जिनके वीडियोज सामने आ चुके हैं। शाहरुख खान, सलमान खान, कटरीना कैफ, अनुष्का शर्मा, आलिया भट्ट सहित अन्य हैं। फैन्स सेलिब्रिटीज के हमशक्ल को देखकर धोखा भी खा जाते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जो ऐश्वर्या राय जैसी दिखती हैं। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर आशिता सिंह का वीडियो हर तरफ छाया हुआ है। वह हूबहू ऐश्वर्या राय की कॉपी लग रही हैं। आशिता के वीडियोज पहले भी कई बार वायरल हो चुके हैं।

आशिता ने अपने इंस्टाग्राम पर ये वीडियो शेयर किया है जिसे अभी तक लाखों लोगों ने देख लिया है। आशिता के एक्सप्रेशंस देखने लायक हैं। यूजर्स उन्हें यंग ऐश्वर्या राय कह रहे हैं। तो कुछ ने कमेंट किया कि उन्हें सलमान खान से मिलना चाहिए। गौरतलब है कि आशिता इंस्टाग्राम रील्स में फिल्मों के डायलॉग से लेकर गानों पर लिप सिंक करती दिखती हैं।

एक यूजर ने लिखा, 'ओ माई गॉड, बिल्कुल ऐश्वर्या राय।' एक ने कहा, 'सलमान ढूंढ लेगा अब तुमको कहीं से भी।' एक ने लिखा, 'आधे मिनट तक तो मुझे लगा ये ऐश्वर्या राय ही है।' एक यूजर लिखते है, 'सलमान भाई अब इसको एक मूवी में एक्ट्रेस का रोल देगा और मूवी फ्लॉप हो जाएगी।' एक अन्य ने कहा, 'मैंने सोचा ऐश्वर्या राय है।'

# सुघोष प्रशिक्षण अभियान मंडल ककरहटी में हुआ सम्पन्न

**संभागीय गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**ककरहटी।** भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेशाध्यक्ष खजुराहो/सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा जी के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष श्री रामबिहारी चौरसिया जी के मार्गदर्शन पर ककरहटी मंडल में ÷सुघोष÷ प्रशिक्षण अभियान ओम पेलेश ककरहटी में संपन्न कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रामबिहारी चौरसिया , विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी , मंडल प्रभारी कैलाश गुप्ता, सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग जिला




संयोजक बृजेन्द्र खंपरिया , कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने की, सुघोष प्रशिक्षण का सफल मंच संचालन मंडल महामंत्री संजय खरे ने किया तथा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सोशल वीरों का आभार जल संसाधन विभाग के संयोजक रवि त्रिपाठी द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप



से मंडल ककरहटी के सभी मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, सोशल मीडिया प्रभारी एवं बूथ स्तर से आये सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के कार्यकर्ता भाजपा मीडिया मंड़ल प्रभारी प्रिंस उपाध्याय सहित उपस्थित रहे।इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में 2023 के लिए युवाओं की सायबर सेना तैयार की जाएगी। जिसका मुख्य फोकस होगा बीजेपी को ढ्ढञ्ज और सोशल मीडिया के जरिए आम लोगों के बीच पहुंचाना।मंडल ककरहटी के 39 बूथों से 2-2 कार्यकर्ताओं को मंडल स्तर पर सोशल मीडिया और आईटी का प्रशिक्षण कराया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस की सोशल मीडिया गतिविधियों का जवाब देना है।

# बच्चों को आगे बड़ने के लिए निरंतर मोटिवेट करना चाहिए: एएसपी डण्डोतिया

**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों, स्कूल कॉलेज तथा शैक्षणिक संस्थानों पर जाकर आमजन एवं छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के लिये जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेश डण्डोतिया के मुख्यातिथ्य में देहली पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ के साथ लगभग 250 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।एएसपी श्री डण्डोतिया ने स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं व स्टॉफ को वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के संबंध में जानकारी दी। साथ ही उनको ऑनलाईन फ्रॉड से बचाव के तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष आने वाली सायबर क्राईम संबंधी शिकायतों को भी साझा किया और कहा कि वर्तमान परिवेश में एंड्रायड मोबाइल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है इसलिये इसका इस्तेमाल बहुत सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिये। मोबाइल पर आने वाले किसी भी अंजान वीडियो कॉल या मैसेज लिंक को खोलकर कभी न देखे और न ही अपनी व्यक्तिगत या बैंक खातो संबंधी जानकारी किसी अंजान व्यक्ति को दें। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को करियर में आगे बड़ने के लिये मोटिवेट भी किया। उन्होंने उपस्थित स्कूली स्टाफ और टीचरों से कहा कि आपको इन बच्चों को आगे बड़ने के लिए निरंतर मोटिवेट करना चाहिए इसके साथ ही समय-समय पर इन बच्चों का मार्गदर्शन भी करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक का कार्य सिर्फ शिक्षा देना नहीं होता, अपितु अपने शिष्य को आगे बड़ने के लिये प्रोत्साहित करना भी होता है। आपके प्रोत्साहन से बच्चों के अन्दर जीवन की हर मुश्किल से लड़ने व आगे बड़ने का जज्बा पैदा होता है।



# यातायात पुलिस ने लगाया नेत्र परीक्षण कैम्प

**ग्वालियर।** यातायात पुलिस ग्वालियर द्वारा 11 से 17 जनवरी तक ''सड़क सुरक्षा सप्ताह'' मनाया जा रहा है। इसी के तह्त शुक्रवार को के.आर.जी कॉलेज तिराहा पर ए.एस.जी आई हास्पीटल के सहयोग से सवारी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण हेतु एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने फीता काटकर किया। नेत्र परीक्षण कैम्प में 150 सवारी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही सभी सवारी वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि वह समय-समय पर अपना नेत्र परीक्षण कराते रहें क्योकि आप वाहन चलाते समय अपने साथ-साथ अपने वाहन में आमजन को भी लेकर चलते है जिनकी सुरक्षा संबंधी जिम्मेदारी आपकी है। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई। कैम्प में डॉ. राहुल तोमर के नेतृत्व में ए.एस.जी. आई हॉस्पीटल की टीम, थाना प्रभारी यातायात पश्चिम अभिषेक रघुवंशी एवं यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



# खुशियों की दास्तां : पूरा हुआ कन्हैयालाल का सपना

**ग्वालियर ।** कन्हैयालाल मेहनतकश इंसान हैं। रात-दिन लोडिंग गाड़ी चलाकर अपने परिवार की गाड़ी बखूबी ढंग से चला रहे थे। पर उनके मन में एक टीस हमेशा बनी रहती कि मेरा पक्का घर कब बनेगा। हाथ सकोड़कर खर्च करने के बाबजूद घर बनाने लायक पैसा नही बचा पाए। उनकी यह चिंता प्रधानमंत्री आवास योजना ने दूर कर दी है।शहर के वार्ड क्र.-64 के अंतर्गत पुरानी छावनी बस्ती में कन्हैयालाल कुशवाह रहते हैं। वे बताते हैं कि घर से निकलते वक्त हमेशा मन में यह संकल्प रहता कि एक साल में हम इतनी बचत करेंगे कि पक्का घर बन जाए। जी-तोड़ मेहनत की पर घर लायक पैसा नहीं जोड़ पाए। ऐसे में हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में पता चला और मन में उम्मीद की किरण जागी। कन्हैयालाल कहते हैं कि नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग से हमने पक्के मकान के लिये अपना आवेदन भर दिया। पात्रता में तो हमारा परिवार आता ही था। जाहिर है कुछ दिनों बाद हमें शुभ सूचना मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आपका पक्का मकान मंजूर हो गया है। हमारे परिवार ने बड़ी मेहनत और जतन के साथ पक्का घर बनवाया है। कन्हैयालाल भावुक होकर कहते हैं



# कलेक्टर ने कम्पू खेल परिसर पहुँचकर लिया खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का जायजा

**ग्वालियर ।** ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता ÷खेलो इंडिया - यूथ गेम्स÷ की तैयारियाँ जोरों पर हैं। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को कम्पू खेल परिसर पहुँचकर खेलो इंडिया यूथ गेम्स से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही सभी व्यवस्थायें युद्ध स्तर पर और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। ग्वालियर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 31 जनवरी से 11 फरवरी तक होने जा रहा है। ग्वालियर को हॉकी, बैडमिंटन, जिम्नास्टिक व मार्शल आर्ट खेल कलरीपयट्टु की मेजबानी मिली है। ग्वालियर के अलावा 30 जनवरी से 11 फरवरी तक प्रदेश के अन्य शहरों में भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगीं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देश भर के शीर्षस्थ खिलाडी भाग लेंगे। कम्पू खेल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद कलेक्टर सिंह ने आमखो बस स्टेण्ड होकर कम्पू खेल परिसर तक निर्माणाधीन सड़क का शेष काम भी जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश भी इस मौके पर दिए। स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू सिंह ने कहा कि सड़क का शेष काम 20 जनवरी तक पूरा हो जायेगा। कम्पू खेल परिसर में हॉकी व बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारी और आवास व्यवस्था का जायजा लेने से पहले कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने साथी अधिकारियों के साथ खेल परिसर में बने सेल्फी प्वॉइंट पर फोटो खिंचवाई। साथ ही शहरवासियों से खेलो इंडिया यूथ गेम्स की ब्रांडिंग करने में सहयोग करने की अपील की। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत कम्पू खेल परिसर (मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी) में हॉकी व बैडमिंटन तथा एलएनआईपीई में जिम्नास्टिक व मार्शल आर्ट कलरीपयट्टु की प्रतियोगितायें होंगीं। कम्पू खेल परिसर स्थित बैडमिंटन अकादमी में 31 जनवरी से 03 फरवरी तक बैडमिंटन प्रतियोगितायें होंगीं। इसी तरह एलएनआईपीई के मल्टीपर्पज हॉल में एक से पाँच फरवरी तक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता होगी। कम्पू खेल परिसर में 4 से 10 फरवरी तक हॉकी प्रतियोगिता होगी। एलएनआईपीई के मल्टीपर्पज हॉल में 8 से 10 फरवरी तक मार्शल आर्ट कलरीपयट्टु खेल में देश भी से आए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे। कलेक्टर सिंह द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं खेलो इंडिया के जिले के नोडल अधिकारी आशीष तिवारी, समार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, एसडीएम लश्कर विनोद सिंह एवं खेल अधिकारी जोसेफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



# गृह मंत्री डॉ. मिश्र 14 को डीएनए लैब का करेंगे उदघाटन

**ग्वालियर ।** प्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र 14 जनवरी को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। डॉ. मिश्र इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गृह मंत्री डॉ. मिश्र डबरा से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप स्थित एफएसएल (फोरेंसिंक साईंस लैब) परिसर पहुँचकर डीएनए लैब का उदघाटन करेंगे। गृह मंत्री इसके बाद डबरा के लिये प्रस्थान करेंगे और वहाँ विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद अपरान्ह 3 बजे दतिया जायेंगे।



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवाकेंद्र पर युवाओं के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के युवा प्रभाग के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जी जयंती के पावन अवसर पर संगम भवन पुराना हाई कोर्ट लेन स्थित सेवाकेंद्र पर युवाओं के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया 7 कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशीष प्रताप सिंह राठौड (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भा.जा.पा), बहन निहारिका कौरव (अंतरार्ष्ट्रीय करांटे प्लेयर), लश्कर सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी जी, ब्रह्माकुमार डॉ.गुरचरण भाई जी, ब्रह्माकुमार प्रह्लाद भाई, बी.के. जीतू भाई उपस्थित रहे7कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । तत्पश्चात संस्थान की राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के युवा प्रभाग के कमेटी मेंबर बी के प्रहलाद भाई ने स्वामी जी की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि स्वामी जी आजके युवाओं के लिए प्रेरणा का असीम श्रोत है ड़ आपने कहा कि हमें अपने जीवन को सशक्त बनाकर, स्वामी विवेकानंद जी के पद चिन्हों पर चलते हुए अपने जीवन को सशक्त बनाना है जिससे हम अनेक युवाओं की मदद कर सकते हैं ताकि हम आने वाले भविष्य को सुंदर बना सकें । हमें अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता के साथ अग्रसर होना है परमात्मा शक्तियों को आत्मसात करते हुए, परिस्थितियों को पार करते हुए अपनी मंजिल को प्राप्त करना हैड़सभा को संबोधित करते हुए एवं मंच का संचालन करते हुए बी के डॉक्टर गुरचरण भाई ने कहा कि हमें अपने आपको जहां सशक्त बनाना है वही अपने आपको अनेक प्रकार के व्यसनों से भी मुक्त रखना है कि आज के समय की आवश्यकता है इसके लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की युवा प्रभाग के साथ मेडिकल विंग भी दिन-रात अपनी सेवाएं निशुल्क रूप से जहां सभी युवाओं को समाज के हर वर्ग को प्रदान कर रही है ड़ आज महा पुरुषों को याद करने के साथ साथ उनके शिक्षाओं को भी अपने जीवन में धारण करना चाहिए ड़कार्यक्रम में पधारे आशीष प्रताप सिंह राठौर जी ने स्वामी जी को नमन करते हुए अपने अनुभव सभी से साझा किये और कहा कि मेरे जीवन में मुझे जो अनुभव यहां प्राप्त हुआ है यह अविस्मरणीय है मुझे आने वाले समय में भी इस प्रकार के अनुभव होते रहे इसके लिए मैं निरंतर संस्थान के साथ संलग्न रहूंगा और युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपने लक्ष्य के प्रति संपूर्ण रूप से समर्पित रहना ह

# स्वामी विवेकानंद जी प्रकाशपुंज थे, जो थोड़े समय के लिए आए और समाज को जगाने का काम किया: ओपीएस भदौरिया

**ग्वालियर।** स्वामी विवेकानंद जी प्रकाशपुंज थे,जो थो? समय के लिए आए और समाज को जगाने का काम किया।विवेकानंद जी ने बुद्धि और विवेक के बल पर दुनिया का मार्ग प्रशस्त किया। उक्त बात शुक्रवार को राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने बतौर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद संस्था एवं जीवाजी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अयोजित जेयू के गालव सभागार में युवा प्रतिभा सम्मान और नाट्य मंचन के अवसर पर कही। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन कर और वंदे मातरम गायन से शुरू हुआ।अतिथियों का शाखा अध्यक्ष के द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व संभागायुक्त बीएम शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि भूख और अशिक्षा मिटाए धर्म की रक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने वेदांत और प्रेम का संदेश दिया।कार्यक्रम में बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने कहा कि भारत विकास परिषद संस्कार देने का कार्य करता है। सभी युवा विवेकानंद जी के विचारों को जीवन में उतारने का कार्य करें।जेयू के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी ने कहा कि भारत की नई शिक्षा नीति से युवाओं को दिशा मिल रही है, अवसर मिल रहा है इसी के साथ ही स्वामी विवेकानंद जी का विश्वगुरु का सपना पूरा होगा।इस अवसर पर जेयू के कार्यपरिषद सदस्य शिवेंद्र राठौर, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ग्वालियर शाखा अध्यक्ष बहन मदालसा भारती जी ,संजय गुप्ता, दीपक भार्गव, ऋषि गालव की शाखा अध्यक्ष प्रिया तोमर, रामकुमार चोपड़ा, वीडी मिश्रा, अल्का कुशवाहा, ज्योति गुप्ता, डीबी राय, पीयूष गुप्ता , राजकुमार गर्ग, अनूप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**इन युवा प्रतिभाओं का हुआ सम्मान-** अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया जिसमें चिकित्सा क्षेत्र में डॉ राम रावत, डॉ आशीष चौहान, पत्रकारिता के क्षेत्र में अर्पण राऊत, नीरज चतुर्वेदी, अंशुल वाजपेई, कपिल शर्मा, नासिर गौरी, सुशील कौशिक और अनिल गौर को सम्मानित किया गया। खेल जगत में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सुनील नार्वे, प्रभाकर राजावत, दिवाकर राजावत, समाज सेवा के क्षेत्र में अंकित शर्मा, विकास गोस्वामी और पूर्णिमा अग्रवाल को सम्मानित किया गया।




# एमएलबी ग्राउंड में काईट फेस्टिवल 15 जनवरी को



**ग्वालियर।** बंधु हम व भारत विकास परिषद - ग्वालियर शाखा संस्था द्वारा पिछले 13 वर्षों से पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का संस्करण एमएलबी कॉलेज लश्कर के खेल मैदान में आयोजन होगा। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले इस भव्य पतंग उत्सव में विशेष प्रकार की आकर्षक एवं बड़ी और फैंसी पतंगों का शो किया जाएगा । इस महोत्सव में गुजरात की तर्ज पर बड़ी-बड़ी पतंग आकर्षक डिजाइनों के साथ एमएलबी ग्राउंड में बड़ी संख्या में प्रतिभागी फैंसी पतंगों का शो करेंगे।इस पतंग उत्सव में ग्वालियर के साथ-साथ आसपास के राज्यों से भी पतंग बाज इस शो में भाग लेने आ रहे हैं। विशेष आकर्षण एक डोर में 500 से अधिक पतंग उड़ाने का कारनामा करने का प्रयास रहेगा। इस अवसर पर प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रकाश अग्रवाल व अध्यक्ष अमित सेठी ने दी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478